रोहतक

रविवार, 17 अगस्त, 2025

भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 197

पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00


**मौसम**

अधि. 37.1

न्यून. 20.9


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


### अटल को नमन


पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर 'सदैव अटल' में पुष्पांजलि अर्पित की। पीएम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अटल जी का भारत की सर्वांगीण प्रगति के प्रति समर्पण और सेवाभाव सभी को प्रेरित करता रहेगा।

05



*सीएम नायब सैनी बोले, एनसीआर का जाम हटेगा लोगों को राहत मिलेगी*

# प्रदेश को आज 2,000 करोड़ की सौगात देंगे मोदी, सोनीपत-बहादुरगढ़ को जोड़ने वाले दो नए 4-लेन संपर्क परियोजनाओं का होगा उद्घाटन



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में सड़क ढांचे को नई गति देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 अगस्त यानी रविवार को दो बड़ी सड़क परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसमें सोनीपत और बहादुरगढ़ को जोड़ने वाले करीब 2000 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित दो नए फोरलेन शामिल हैं। इनसे इन क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बेहतर होगी। शनिवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एक पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि प्रधानमंत्री रविवार को दिल्ली के रोहिणी से लगभग 11 हजार करोड़ रुपये लागत से तैयार 6 सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इनमें से दो परियोजनाएं हरियाणा से जुड़ी हैं। इनसे एनसीआर क्षेत्र को ट्रैफिक जाम और कनेक्टिविटी की चुनौतियों से मुक्ति मिलेगी। नई सड़क परियोजनाओं से सोनीपत और बहादुरगढ़ ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों को भी लाभ होगा। जाम से मुक्ति मिलेगी।

### प्रधानमंत्री रोहिणी से कुल 11000 करोड़ की 6 सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे

**ये परियोजनाएं मिलेंगी**

- **पहली :** अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 परियोजना के अंतर्गत पैकेज-4 में 1490 करोड़ रुपये की लागत से बना 29.6 किमी लंबा मार्ग सोनीपत को सीधी कनेक्टिविटी देगा। यह एनएच -44 के भारी ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाएगा। यह बवाना औद्योगिक क्षेत्र को सीधे एनएच-352ए जींद-गोहाना मार्ग से जोड़कर व्यापार और उद्योग को नई गति प्रदान करेगा।
- **दूसरी :** पैकेज-5 में 487 करोड़ रुपये की लागत से बना 7.3 किमी का मार्ग दिल्ली के दिचाऊं कलां को सीधे बहादुरगढ़ और केएमपी एक्सप्रेसवे से जोड़ेगा। इससे बहादुरगढ़ और केएमपी एक्सप्रेसवे तक आसानी से पहुंचा जा सकेगा।



## दयालु योजना के तहत जारी किए 76 करोड़ रुपये, 2020 परिवारों को मिली वित्तीय मदद

चंडीगढ़(ब्यूरो)। प्रदेश सरकार की दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) राज्य के जरूरतमंद परिवारों के लिए संबल का आधार बन रही है। इस योजना के तहत मुख्यमंत्री नायब सिंह ने शनिवार को 2,020 अंत्योदय परिवारों को राहत राशि के रूप में 76 करोड़ रुपये सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किए। यह सहायता परिवार के किसी सदस्य की असमय मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता की स्थिति में दी जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना ऐसे परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है, जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है। दयालु योजना 1 अप्रैल 2023 से लागू है और अब तक 36,651 परिवारों को कुल 1,380 करोड़ रुपये की सहायता दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत 1 लाख 80 हजार रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवार के 6 वर्ष से 60 वर्ष तक की आयु के सदस्य की मृत्यु या दिव्यांग होने पर 5 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

अब तक 36651 परिवारों को दिए जा चुके 1380 करोड़

●

2023 में शुरू हुई थी दयालु योजना

## खबर संक्षेप

### शुभांशु आज भारत लौटेंगे, पीएम मोदी से करेंगे मुलाकात



नई दिल्ली। अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ऐतिहासिक यात्रा के बाद रविवार को भारत लौटेंगे। वह अपने अनुभव मित्रों एवं सहकर्मियों के साथ साझा करने के लिए उत्सुक हैं। शुक्ला एक साल से अमेरिका में हैं और आईएसएस के लिए एक्सिओम-4 मिशन का प्रशिक्षण ले रहे थे। शुक्ला के यहां पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने और उसके बाद अपने गृहनगर लखनऊ जाने की उम्मीद है। उम्मीद है कि वह 22-23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह में भाग लेने के लिए राजधानी में वापस आएंगे। भाषा

### ईडी ने मंत्री पेरियासामी के परिसरों पर छापे मारे

चेन्नई। ईडी ने धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में शनिवार को तमिलनाडु के मंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता आई. पेरियासामी व उनके परिवार से जुड़े परिसरों पर छापे मारे। सूत्रों के अनुसार उनके पुत्र आई.पी. सेंथिल कुमार के परिसरों की भी तलाशी ली जा रही है। आई.पी. सेंथिल कुमार विधायक हैं। भाषा

### मुंबई दही-हांडी स्पर्धा में 10 मंजिला ऊंचा मानव पिरामिड



मुंबई। देश भर में शनिवार को जन्माष्टमी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस बार मुंबई में जोगेश्वरी के कोकण नगर गोविंदा पथक ने दही हांडी प्रतियोगिता में एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। इस टीम ने 10 मंजिले मकान की ऊंचाई जितनी ह्यूमन पिरामिड बनाकर नया इतिहास रच दिया। वहीं, 11.55 बजे मथुरा में श्रीकृष्ण जन्म स्थान पर नंनलाल का 108 कमल पुष्पों से अर्चन किया गया। 12.05 बजे भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा को गर्भगृह से बाहर लाया गया। कामधेनु गाय के दूध से अभिषेक किया और 5 क्विंटल पंचामृत से स्नान कराया गया। मथुरा में करीब 30 लाख लोग दर्शन करने पहुंचे।

### गुरुग्राम : क्रेडिट कार्ड धारकों से 2.6 करोड़ ठगे

नई दिल्ली। दिल्ली को छोड़कर देशभर में एसबीआई के क्रेडिट कार्ड धारकों से करीब 2.6 करोड़ रुपये की ठगी करने के आरोप में 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने बताया कि 6 माह चले इस अभियान में कई आरोपित गिरफ्तार किए थे। भाषा

*जंग रोकने को लेकर अलास्का में 3 घंटे तक मंथन*

# रूस-यूक्रेन युद्ध : ट्रंप-पुतिन के बीच नहीं बनी बात, अगली बैठक मॉस्को में संभव

**ट्रंप ने कहा:** हमारी बैठक सकारात्मक रही, कई बिन्दुओं पर सहमति, जंग का जल्द समाधान होगा

**पुतिन बोले :** यूक्रेन पर कुछ सहमति बनी, यूरोप को चेतावनी दी गई, वह प्रगति में बाधा नहीं बने

**जेलेंस्की बोले :** सोमवार को अमेरिका में ट्रंप के साथ मुलाकात करूंगा, हम शांति स्थापना को तैयार

भाषा ▶▶| ज्वांइट बेस एल्मेंडोर्फ-रिचर्डसन (अलास्का)/नई दिल्ली/न्यूयॉर्क

यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध को समाप्त कराने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में हुई बातचीत बेनतीजा रही। दोनों नेताओं के बीच कुछ अहम मुद्दों पर सहमति नहीं बन सकी। बैठक के बाद पुतिन ने दावा किया कि यूक्रेन को लेकर कुछ 'सहमति' बनी है। इसके साथ ही उन्होंने यूरोप को चेतावनी दी कि वह प्रगति में कोई बाधा नहीं डाले। पुतिन के दावे के बाद ट्रंप ने कहा 'जब तक कोई समझौता नहीं हो जाता तब तक कुछ भी पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता।' यूक्रेन युद्ध को खत्म करने का सबसे अच्छा तरीका सीधा शांति समझौता है, युद्ध विराम समझौता नहीं है। ट्रंप ने कहा कि वह पुतिन और उनके बीच हुई बातचीत की जानकारी देने के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं को बुलाएंगे। समझौते के लिए अगली बैठक मॉस्को में हो सकती है। संभवतय तब तक सहमति बन जाएगी। ट्रंप अनेक बार यूक्रेन को अमेरिका का समर्थन मिलने पर ऐतराज जता चुके हैं और पुतिन की प्रशंसा कर चुके हैं। उन्होंने व्हाइट हाउस में वापसी के पहले ही दिन पूरे विश्वास के साथ कहा था कि वह दोनों देशों के बीच युद्ध समाप्त कराएंगे। (पेज-8 भी देखें)



### कुछ मुद्दे बचे हैं : ट्रंप

ट्रंप ने कहा, 'हमारी बैठक बेहद फलदायी रही, कई मुद्दों पर सहमति बनी है, कुछ बचे हैं। कुछ उतने महत्वपूर्ण नहीं हैं। एक सबसे महत्वपूर्ण है और इस बात की संभावना है कि हम उसे भी सुलझा लेंगे।' कोई समझौता तभी होगा जब वह अंतिम रूप लेगा। इसके बाद ट्रंप वापस अमेरिका लौट आए और उम्मीद जताई की जल्द अगली बैठक होगी।

### रूस के अपने हित : पुतिन

पुतिन ने कहा कि ट्रंप इस बात को समझते हैं कि रूस के अपने हित हैं। रूस और अमेरिका को 'पुराना अध्याय बंद करना चाहिए और सहयोग के रास्ते पर बढ़ना चाहिए।' पुतिन ने ट्रंप की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें 'यह स्पष्ट हैं कि उन्हें क्या हासिल करना है। जब पुतिन ने कहा, 'अगली बार मॉस्को में' तो ट्रंप ने कहा, 'यह दिलचस्प बात है।'

### रूसी तेल के मामले में भारत पर द्वितीयक शुल्क नहीं लगाए : ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि हो सकता है कि अमेरिका रूस से कच्चा तेल खरीदना जारी रखने वाले देशों पर द्वितीयक शुल्क नहीं लगाए। ऐसी आशंकाएं थीं कि अगर अमेरिका ने द्वितीयक शुल्क लागू किया तो उससे भारत प्रभावित हो सकता था। ट्रंप ने कहा, खैर, उन्होंने (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने) एक तेल ग्राहक खो दिया, जो भारत है, जो लगभग 40 प्रतिशत तेल का आयात कर रहा था। चीन, जैसा कि आप जानते हैं, बहुत अधिक (आयात) कर रहा है और अगर मैंने जो 'द्वितीयक प्रतिबंध' या 'द्वितीयक शुल्क' लगाया तो यह उनके लिए बहुत विनाशकारी होगा। अगर मुझे यह करना पड़ा, तो मैं करूंगा। शायद मुझे यह करना न पड़े।

### यूक्रेनी राष्ट्रपति ने ट्रंप से फोन पर की बात



राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई शिखर वार्ता के बाद सोमवार को वाशिंगटन में ट्रंप से मुलाकात की योजना बना रहे हैं। जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से डेढ़ घंटे लंबी और सार्थक बातचीत हुई है। जेलेंस्की 18 अगस्त को वॉशिंगटन डी.सी. जाकर ट्रम्प से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि यूक्रेन पूरी ताकत से शांति स्थापित करने के लिए तैयार है।

**ट्रंप ने कई बार फिर कहा, कि उन्होंने भारत और पाक के बीच युद्ध रुकवाया था। ट्रंप ने कहा, हमने मैंने पांच युद्धों को समाप्त करवाया है।**

### यूक्रेन के मित्रों के लिए शांति प्रगति की कामना करता हूं



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यूक्रेन के लोगों के लिए शांति और प्रगति से भरे भविष्य की कामना की तथा स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाओं के लिए वहां के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को धन्यवाद दिया। भारत को उसके स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए जेलेंस्की ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि रूस के साथ युद्ध समाप्त करने के प्रयासों में भारत अपना योगदान देगा। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "राष्ट्रपति जेलेंस्की, आपकी हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। मैं भारत तथा यूक्रेन के बीच और भी घनिष्ठ संबंध बनाने की संयुक्त प्रतिबद्धता को बहुत महत्व देता हूं। हम यूक्रेन के अपने मित्रों के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि से भरे भविष्य की कामना करते हैं।'

**मधुमक्खी पालकों के लिए सीएम का ऐलान**

## प्रदेश में शहद भी भावांतर भरपाई योजना में शामिल



कुरुक्षेत्र(हरिभूमि न्यूज)। सीएम नायब सिंह सैनी ने मधुमक्खी पालक किसानों के लिए एक बड़ा ऐलान किया है। सीएम ने कहा कि बागवानी फसलों की तर्ज पर अब शहद को भी भावांतर भरपाई योजना में शामिल किया जाएगा। साथ ही, रामनगर स्थित एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र में शहद की बिक्री की व्यवस्था की जाएगी। वहीं, पर भंडारण और गुणवत्ता जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। जल्द ही 20 करोड़ रुपये की लागत से गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला स्थापित की जाएगी। इसके अलावा, रामनगर संस्थान को राष्ट्रीय स्तर का संस्थान बनाया जाएगा, जहां मधुमक्खी पालन से संबंधित उन्नत एवं वैज्ञानिक अनुसंधान किए जा सकेंगे। मुख्यमंत्री शनिवार को कुरुक्षेत्र में आयोजित मधुमक्खी पालन पर राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मधुमक्खी पालन किसानों के लिए अतिरिक्त आमदनी का एक बड़ा साधन है और इससे फसलों की पैदावार भी बढ़ती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वीट क्रांति' के आह्वान को साकार करने के लिए हरियाणा तेजी से कदम बढ़ा रहा है।

20 करोड़ से गुणवता नियंत्रक प्रयोगशाला स्थापित होगी

■

रामनगर स्थित एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र में की जाएगी शहद बिक्री की व्यवस्था

■

रामनगर संस्थान को राष्ट्रीय स्तर का संस्थान बनाया जाएगा

### 2030 तक यह लक्ष्य रखा

सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र के रामनगर में इजराइल के सहयोग से देश का पहला एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र स्थापित किया गया है, जहां किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां शहद व्यापार केंद्र भी है, जिसके माध्यम से अब तक 74 हजार बक्से और 3 लाख 43 हजार कॉम्ब शीट दी जा चुकी हैं। इस केंद्र में शहद का प्रसंस्करण और बॉटलिंग की भी सुविधा है। सरकार ने 'मधुमक्खी पालन नीति-2021' बनाई है, जिसके तहत वर्ष 2030 तक 7750 मधुमक्खी पालक तैयार करने और 15,500 मीट्रिक टन शहद उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। मधुमक्खी के बक्सों, कॉलोनियों और उपकरणों पर 85 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है।

*प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश*

## हिसार में छत व यमुनानगर में छज्जा गिरा, जलभराव





हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश के कई जिलों में शनिवार को तेज बारिश होने से सड़कों पर पानी भर गया। गुरुग्राम, रोहतक, सोनीपत और करनाल में तेज बारिश हुई। यहां सड़कों पर पानी में वाहन बंद हो गए। लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, कुरुक्षेत्र, झज्जर और पानीपत में बूंदाबांदी देखने मिली। मौसम विज्ञान केंद्र चंडीगढ़ ने सोनीपत, रोहतक, झज्जर, रेवाड़ी, भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़ और गुरुग्राम के कुछ हिस्सों में शाम 4 बजे तक बारिश का रेड अलर्ट जारी किया था। इसी बीच यमुनानगर के प्राचीन कालेश्वर मठ के गुंबद पर बिजली गिर गई, जिससे गुंबद में दरारें आ गईं। बिजली गिरने के समय मंदिर में आरती चल रही थी। हिसार में एक घर की छत ढह गई, जबकि फरीदाबाद में मकान का छज्जा गिर गया। दोनों ही घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन छज्जा गली में खड़ी कार पर गिरा था, जिससे कार टूट गई।

### अग्निवीर का 12 दिन बाद भी सुराग नहीं

नूंह के अग्निवीर दलबीर सिंह का 12 दिन बार भी सुराग नहीं मिला। वह उत्तराखंड के हर्षिल आर्मी कैंप के पास बादल फटने से आई बाढ़ में लापता हो गया था। इसके बाद से जवान के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने इस बात पर भी दुख जताया कि उनके घर सांत्वना देने न कोई नेता आया, और न ही कोई प्रशासनिक अधिकारी। दलबीर सिंह इकलौते बेटे थे।

## जुलाना नगरपालिका के चेयरमैन डा. संजय घूसखोरी में गिरफ्तार

जुलाना (हरिभूमि न्यूज)। जुलाना में हांसी रोड पर स्थित नगर पालिका के चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा के कार्यालय पर शनिवार को घूसखोरी मामले में विजिलेंस की टीम ने छापा मारा। टीम ने अस्पताल के रिसेप्शनिस्ट को रंगे हाथों काबू किया है। आरोपित के कब्जे से दो लाख 27 हजार रुपये बरामद हुए हैं। विजिलेंस टीम के डीएसपी ने बताया कि उनको शिकायत मिली थी कि भिवानी निवासी ठेकेदार मनोज से तालाब की राशि पास करने के लिए रिश्वत मांगी जा रही है। अढाई प्रतिशत के हिसाब से राशि की रिश्वत मांगी थी। ठेकेदार की शिकायत पर विजिलेंस ने छापेमारी की ओर रिसेप्शनिस्ट को रंगे हाथों काबू किया। टीम ने चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा और रिस्पेशनिस्ट सतबीर को भी गिरफ्तार कर लिया है।

### तालाब का किया जा रहा था सौंदर्यीकरण

जुलाना के हांसी मार्ग पर तालाब का सौंदर्यीकरण किया जा रहा था। जिस पर लगभग साढ़े चार करोड़ की लागत आनी थी। लेकिन कोर्ट स्टे के कारण काम रुका हुआ था। तालाब का सौंदर्यीकरण का लगभग 50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका था।

*जीएसटी में आसान रिफॉर्म का प्रस्ताव*

## शिक्षा व स्वास्थ्य पर 5, टीवी एसी पर 18% लगेगा टैक्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने लाल किले से नए जीएसटी रिफॉर्म लाने की बात कही। उन्होंने ऐलान किया कि दिवाली पर नया जीएसटी सुधार लागू होगा। खबर है कि केंद्र सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) ढांचे में व्यापक सुधार का प्रस्ताव रखा है, जिसका लक्ष्य सुधार करके टैक्स सिस्टम को आसान बनाना है। इसमें ज्यादातर वस्तुओं को दो मुख्य स्लैब -5 और 18 फीसदी के तहत रखने का सुझाव दिया गया है, जबकि तंबाकू और ऑनलाइन गेमिंग जैसी कुछ वस्तुओं पर 40 फीसदी की भारी टैक्स रेट लगाने का प्रस्ताव है। अगर इसे मंजूरी मिल जाती है तो यह 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से सबसे बड़ा संशोधन होगा। इस सुधार का उद्देश्य नियमों को आसान बनाना, परिवारों और व्यवसायों के लिए लागत कम करना और विसंगतियों को दूर करना है।

**विवाद** नए मॉड्यूल पर छिड़ा सियासी संग्राम, कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने

# एनसीईआरटी की किताब में जिन्ना, कांग्रेस और माउंटबेटन को बताया विभाजन का जिम्मेदार

*भाजपा ने कहा, उस वक्त सत्ता के लालच में गलत फैसले किए*

*कांग्रेस का हमला, कहा-इसे फाड़ दिया जाना चाहिए*

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारत सरकार ने 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में घोषित किया है। इस दिन भारत-पाकिस्तान का बंटवारा हुआ था, जिसके कारण लाखों लोगों की जिंदगियों पर गहरा असर देखने को मिला। इस बीच एनसीईआरटी के एक नए मॉड्यूल की घोषणा की है। नए मॉड्यूल में भारत-पाक के बांटवारे के लिए कांग्रेस, जिन्ना और लॉर्ड माउंटबेटन को जिम्मेदार ठहराया गया है। इसको लेकर सियासी संग्राम शुरू हो गया है। इस मुद्दे पर भाजपा और कांग्रेस आमने सामने आ गए हैं। इसको लेकर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की जुगलबंदी से बंटवारा हुआ है। वहीं, भाजपा ने कहा कि सत्ता के लालच में उस समय कई गलत फैसले लिए गए थे।

## किसने क्या कहा

### आरएसएस सबसे बड़ा विलेन



इतिहास का कोई सबसे बड़ा विलेन है तो आरएसएस है। उन्होंने जो किया है, पीढ़ियां उनको माफ नहीं करेंगी। आरएसएस ने उस वक्त के 25 साल मुखबंदी और जुगलबंदी करते हुए गुजारे। जिन्ना की मजार पर आडवाणी सजदा करने गए थे। आग लगा दीजिये इस किताब को, जिस तरह से भाजपा की ओर से संस्थाओं में लगातार हस्तक्षेप करके इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा जा रहा है। हम चुप नहीं बैठने वाले। **-पवन खेड़ा**, कांग्रेस नेता

### लाखों लोग मारे गए



एनसीईआरटी के बंटवारे वाले मॉड्यूल की जानकारी मिली है। सच यह है कि उस समय सत्ता में मुस्लिम लीग, नेहरू की अगुआई वाली कांग्रेस और माउंटबेटन थे। बंटवारा रोक सकते थे तो या मुस्लिम लीग या कांग्रेस। नेहरू के बंटवारे के पक्ष में बयान भी हैं। उस समय सत्ता के लाल में लिए गए फैसलों की कीमत अब देश चुका रहा है। लाखों लोग मारे गए, करोड़ों उजड़ गए। जब हम इसे याद करते हैं तो कांग्रेस विरोध करती है। वह सच्चाई से भाग नहीं सकती। **-शहजाद पूनावाला**, बीजेपी प्रवक्ता

### क्या है नया मॉड्यूल

एनसीईआरटी के नए मॉड्यूल में बताया गया कि भारत के विभाजन को तीन लोग या पक्ष जिम्मेदार थे। इनमें पहला मुहम्मद अली जिन्ना, उन्होंने बंटवारे की मांग की थी। दूसरा कांग्रेस, इस बंटवारे की मांग को स्वीकार किया और तीसरा लॉड माउंटबेटन- इस बंटवारे को मंजूर किया। एनसीईआरटी द्वारा जारी मॉड्यूल को 'विभाजन के अपराधी' के शीर्षक के नाम जारी किया है। इस मॉड्यूल को कक्षा 6 से 8 और कक्षा 9 से 12वीं के छात्रों के लिए अलग-अलग रूप से तैयार किया गया है। यह मॉड्यूल किसी भी कक्षा में कोई पाठ के तौर पर नहीं पढ़ाया जाएगा।

# अपराध करने वालों को मिट्टी में मिला देंगे, लोग नशा बेचने वालों की पोर्टल पर तुरंत जानकारी दें

## प्रदेश की जनता को सुरक्षित माहौल देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की जनता को सुरक्षित माहौल देना सरकार की प्रतिबद्धता है। कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जायगा। अगर कोई कानून व्यवस्था को बिगाड़ेगा, चाहे वह कितना ही बड़ा व्यक्ति हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। कोई भी व्यक्ति अगर अपराध करेगा तो उसको मिट्टी में मिला दिया जाएगा। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए आने वाले समय में और भी अधिक कठोर फैसले लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ सरकार कड़ा संज्ञान ले रही है। अगर किसी गांव, मोहल्ले व शहर के वार्ड में नशा बिकता है तो स्थानीय लोग तुरंत सरकार द्वारा बनाए गए पोर्टल पर शिकायत दें, नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश के लोगों की सेहत के प्रति गंभीर है। लोगों को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पतालों में न जाना पड़े, इसलिए जिला स्तर पर सरकारी अस्पतालों को सभी सुविधाओं से युक्त करके विकसित किया जा रहा है। जल्द ही ऐसे 10 अस्पतालों का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया जाएगा।




### कांग्रेस का वोट चोरी का झूठ चलने वाला नहीं

एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वोटों की चोरी का कांग्रेस पार्टी आरोप लगा रही है, जो कि निराधार है। कांग्रेस बिना वजह इसे मुद्दा बना रही है, ये झूठ अब चलने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने डॉ. भीम राव अंबेडकर के संविधान को तार-तार किया है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। कांग्रेस ने लोकसभा की कार्रवाई को रोकने का काम किया, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार के सारे रास्ते बंद कर दिए हैं। इस वजह से बौखलाई कांग्रेस तथ्यरहित आरोप लगा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब व्यक्ति को सशक्त और आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने हर वर्ग की उन्नति के लिए योजनाएं लागू की हैं। आज गरीब व्यक्ति आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है और देश की प्रगति में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

## जन्माष्टमी पर गोशालाओं को मुख्यमंत्री की सौगात,19 गोशालाओं के लिए 1.80 करोड़ चारा अनुदान राशि जारी

कुरुक्षेत्र। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र जिले की 19 गौशालाओं के लिए 1 करोड़ 80 लाख रुपए की चारा अनुदान राशि जारी की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश की 605 गौशालाओं के लिए 88 करोड़ 50 लाख रुपये की चारा अनुदान राशि जारी की जा ए गी । मुख्यमंत्री ने शनिवार को गीता ज्ञान संस्थान, कुरुक्षेत्र में आयोजित गोशाला चारा अनुदान वितरण समारोह को संबोधित करते हुए श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी।

- प्रदेश की 605 गोशालाओं को 88 .50 करोड़ रुपये की चारा अनुदान राशि की जाएगी जारी

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गीता एवं आयुर्वेद शोध का विमोचन किया। इससे पहले उन्होंने श्री कृष्ण कृपा गौशाला में जाकर गायों को गुड़ व चारा खिलाकर गाय की पूजा अर्चना की व गीता ज्ञान संस्थानम में स्थित श्री कृष्ण कृपा मंदिर में जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि सरकार ने पंजीकृत गौशालाओं को पिछले साढ़े दस वर्षों में चारे के लिए 270 करोड़ रुपये का अनुदान दिया है।



### 358 करोड़ से ज्यादा का चारा अनुदान दिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की राशि को मिलाकर अब तक 358 करोड़ 50 लाख रुपये की चारा अनुदान राशि दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में गाय आदिकाल से ही पूजनीय रही है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, गाय में सभी देवी-देवता निवास करते हैं। गाय के इसी महत्व को देखते हुए धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा गौशालाओं की स्थापना पर बल दिया गया है। सरकार ने भी गौशालाओं के विकास, गौवंश संरक्षण और प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014-15 में हरियाणा गौसेवा आयोग के लिए केवल 2 करोड़ रुपये का बजट था। जबकि वर्तमान सरकार ने इस साल कुल बजट 595 करोड़ रुपये कर दिया है। वर्ष 2014 तक हरियाणा में 215 पंजीकृत गौशालाओं में केवल 1 लाख 75 हजार गौवंश था, लेकिन वर्तमान में राज्य में 686 पंजीकृत गौशालाएं हैं। इनमें लगभग 4 लाख बेसहारा गौवंश का पालन-पोषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि 330 गौशालाओं में सोलर ऊर्जा प्लांट लगाए गए हैं। शेष बची गौशालाओं में भी सोलर पावर प्लांट लगाने का कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौशालाओं को लिए 800 ई-रिक्शा की खरीद प्रक्रिया जारी है। गौशालाओं में 2 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध करवा रहे हैं। गौशाला के लिए कोई जमीन खरीदता है तो उस पर कोई शुल्क नहीं लिया जाता।

### व्यापारियों को राहत

## बिनौला मशीन पर ली जाने वाली एकमुश्त फीस आधी, अब 21 हजार होगी

कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार प्रदेश के विकास के लिए दिन रात कार्य करने वाले व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हमेशा खड़ी है। व्यापारियों के सामने जो भी समस्याएं आएंगी, उन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

- प्रदेश के विकास में योगदान देने वाले व्यापारियों के साथ सरकार कंधा से कंधा मिलाकर खड़ी

मुख्यमंत्री ने व्यापारियों की मांग पर बिनौला मशीन पर व्यापारियों से ली जाने वाली एकमुश्त फीस 42 हजार रुपए को घटाकर 21 हजार रुपए करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री शनिवार को मल्टी आर्ट कल्चर केंद्र, कुरुक्षेत्र में खल बिनौला व्यापारियों की हरियाणा ऑयल मिल्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों से बातचीत कर रहे थे। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री का सम्मान करते हुए पगड़ी पहनाई और व्यापारियों के सामने आ रही समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत करवाया। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, पूर्व मंत्री असीम गोयल, हरियाणा ऑयल मिल एसोसिएशन के पदाधिकारी सुभाष बंसल कैथल, कुलभूषण गोयल अंबाला, सुरेंद्र जैन, बैसाखी राम जिंदल चीका, राधेश्याम मलिकपुरिया कैथल मौजूद रहे।

## तीन आईपीएस व दो एचपीएस अधिकारियों का तबादला

चंडीगढ़। हरियाणा में शुक्रवार देर रात सरकार ने तीन आईपीएस और दो एचपीएस अधिकारियों के ट्रांसफर ऑर्डर जारी कर दिए। भिवानी एसपी से मनबीर सिंह को हटाकर आईपीएस सुमित कुमार को जिले का एसपी लगाया है। वहीं, पंचकूला में साइबर और क्राइम की जिम्मेदारी के बाद एचपीएस अधिकारी अमित दहिया को झज्जर जिले का डीसीपी क्राइम लगाया है। वहीं आईपीएस सुरेंद्र सिंह भौरिया को एसपी एचएसएनसीबी में लगाया है। एचपीएस पंखुड़ी को एसपी एसपीसी अंबाला की जिम्मेदारी दी गई है।

## इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लोगों को दिया सम्मान रैली का न्योता

चंडीगढ़। इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला और प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने अपने हलका स्तरीय दौरे शनिवार से गुहला, पेहवा और थानेसर हलके से शुरू किए। यह दौरे जननायक चौधरी देवीलाल की 112वीं जयंती पर रोहतक में आयोजित होने वाली सम्मान दिवस रैली के लिए निमंत्रण देने के लिए रखे गए हैं। पहले चरण में 16 अगस्त से लेकर 24 अगस्त तक 9 जिलों के 30 हलकों का दौरा करेंगे। चौटाला ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 11 वर्षों से हरियाणा में बीजेपी की सरकार ने केवल लोगों में जात-पात का जहर घोलने और धर्म के नाम पर बांटने और प्रदेश का भाईचारा खराब करने का काम किया है। आज प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से खत्म हो चुकी है, महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। पिछले दिनों सीईटी का पेपर हुआ था जिसमें प्रदेश के 13 लाख से भी अधिक युवाओं ने फॉर्म भरे थे और इन फॉर्म भरने के नाम पर सैकड़ों करोड़ रुपये लोगों की जेब से निकाल लिए।

### खबर संक्षेप

## कांग्रेस आधा प्रतिशत वोट से हारी : हरिप्रसाद

चंडीगढ़। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बाद अब हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी बीके हरिप्रसाद ने भी वोट चोरी का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सिर्फ आधा प्रतिशत वोटों से हारी। दिल्ली में मीडिया से बातचीत में बीके हरिप्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी जो भी बोल रहे हैं, उसे तथ्यों के साथ बोल रहे हैं। भाजपा जीतने के लिए मरे लोगों का भी वोट डलवा देती है। हरियाणा में भी यही हुआ। अगर चोरी के वोट नहीं डाले जाते तो हम यहां नहीं हारते।

## वाजपेयी ने विकास और सुशासन की मजबूत नींव रखी : बड़ौली

चंडीगढ़। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने सोनीपत में कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। बड़ौली ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को भाजपा का पितृ पुरुष, करोड़ों कार्यकर्ताओं के पथ प्रदर्शक बताते हुए कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व, उनकी वाणी और उनकी कार्यशैली हम सभी के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगी। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृतियां हम सभी कार्यकर्ताओं को राष्ट्र सेवा और जनकल्याण के लिए निरंतर समर्पित रहने की शक्ति देती है। उन्होंने कहा कि अटल जी अपने नाम के अनुरूप अटल थे और जो वे ठान लेते थे उसे पूरा करते थे।

## दिग्विजय चौटाला ने स्वामी राजेन्द्रानंद महाराज को दी श्रद्धांजलि

चंडीगढ़। जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला शनिवार को हरिद्वार पहुँचे और स्वामी राजेंद्रानंद जी महाराज को अंतिम विदाई दी। स्वामी राजेंद्रानंद जी पिछले दिनों बिश्नोई समाज की शोभायात्रा का नेतृत्व कर रहे थे, जिसके उपरांत अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। श्रद्धालु उन्हें बठिंडा के अस्पताल ले गए, जहाँ रास्ते में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। हरिद्वार में अंतिम संस्कार में शामिल होकर चौटाला ने कहा कि स्वामी राजेन्द्रानंद जी का संपूर्ण जीवन समाज, धर्म और सेवा कार्यों को समर्पित रहा। दिग्विजय ने कहा कि उनका जाना अपूरणीय क्षति है।

## जेजेपी कार्यकर्ताओं के पार्टी बदलने का झूठा प्रचार न करे इनेलो : रजनी मलिक

चंडीगढ़। जननायक जनता पार्टी ने झूठी ज्वाइनिंग करवाने के लिए इनेलो की कड़ी आलोचना की है। दरअसल बीते दिनों इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी ने जेजेपी की सोनीपत से पूर्व महिला जिला अध्यक्ष सरोज बेनीवाल को इनेलो में शामिल करवाने का झूठा प्रचार किया था। खुद सरोज बेनीवाल ने इसका खंडन करते हुए कहा है कि वे जेजेपी में थी और जेजेपी में ही रहेंगी। उन्होंने कहा कि इनेलो ने उन पर सामाजिक दबाव बनाने की जरूर कोशिश की थी, लेकिन उन्होंने जेजेपी नहीं छोड़ी है। सरोज बेनीवाल ने कहा कि वे मजबूती के साथ जेजेपी के साथ खड़ी है और निरंतर पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करके महिलाओं को जेजेपी से जोड़ रही हैं।

## नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के सवालों का जवाब देना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी: सैलजा

चंडीगढ़। सांसद सैलजा ने कहा है कि निर्वाचन आयोग का दायित्व है कि वह देश के लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है और वह अपनी इस जिम्मेदारी से भाग नहीं सकता। राहुल गांधी ने जब सारे सबूत मीडिया के समक्ष रख दिए हैं, तो ऐसे में उनमे हलफनामा किस बात का मांगा जा रहा है। सैलजा ने कहा है कि वोट चोरी 'एक व्यक्ति, एक वोट के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए साफ-सुथरी मतदाता सूची अनिवार्य है। निर्वाचन आयोग से हमारी मांग साफ है पारदर्शिता दिखाएं और डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करें, ताकि जनता और राजनीतिक दल उसका खुद 'ऑडिट कर सकें। सैलजा ने कहा कि कांग्रेस की यह लड़ाई लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई है। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस शिकायत लेकर चुनाव के पास पहले भी गई है, चुनाव आयोग का काम है कि वह खामियों को दूर करे पर देश देख रहा है कि चुनाव आयोग अपनी जिम्मेदारी से पीछे हट रहा है। सैलजा ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चुनाव आयोग के दस्तावेजों से ही उसकी चोरी पकड़ी है और अब चुनाव आयोग को सफाई देनी है।



- आयोग पारदर्शिता दिखाते हुए डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करें, ताकि जनता उसका खुद 'ऑडिट कर सकें : सांसद

## स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के सफल क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी सम्मानित

चंडीगढ़। हरियाणा में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलों में आयोजित समारोहों में मुख्य अतिथियों द्वारा 13 सरकारी आईटीआई के 18 अधिकारियों को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के सफल क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय बजट 2024-25 में घोषित पीएमआईएस योजना का उद्देश्य शीर्ष 500 कंपनियों में पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को 12 माह की इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करना है। 21 से 24 वर्ष आयु के वे युवा, जिन्होंने हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी, आईटीआई सर्टिफिकेट, पॉलिटेक्निक संस्थान से डिप्लोमा धारक या बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए, बीबीए, बी.फार्मा आदि डिग्री धारक उम्मीदवार, इस योजना के पात्र हैं। योजना के तहत 5,000 रुपये मासिक वजीफा और 6,000 रुपये की एकमुश्त अनुदान राशि दी जाती है। उन्होंने बताया कि कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा अक्टूबर 2024 में इसका पहला पायलट चरण प्रारंभ किया गया था, जो दिसंबर 2024 में पूर्ण हुआ। दूसरा पायलट चरण फरवरी 2025 से जारी है।

## राज्यपाल ने अंबाला व मुख्यमंत्री ने रोहतक में किया ध्वजारोहण







### घोष ने शहीदों को नमन किया

अंबाला। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने शुक्रवारको राज्य स्तरीय 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर अंबाला में ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। इससे पूर्व उन्होंने पुलिस लाइन परिसर में स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल ने आकाश में गुब्बारे छोडक़र स्वतंत्रता दिवस की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने समारोह में युद्ध वीरांगनाओं, स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों, आपातकालीन व हिन्दी आंदोलन में भाग लेने वाले महानुभावों को भी सम्मानित किया। महामहिम घोष ने अपने संदेश में कहा कि आपको स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मैं दिन-रात देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों को स्वतंत्रता दिवस की विशेष रूप से बधाई देता हूं। 79 साल पहले वर्ष 1947 में आज के दिन हर भारतवासी का आजादी पाने का सपना साकार हुआ था। यह दिन उन अनगिनत शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का भी अवसर है, जिन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर हमें यह आजादी दिलाई। मैं सभी ज्ञात-अज्ञात शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। इस मौके पर अंबाला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने ली परेड की सलामी

रोहतक। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत आज चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इसे विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाना है। इसके लिए आत्मनिर्भर भारत को जन-आंदोलन बनाना होगा। उन्होंने स्वदेशी को अपनाने, 'वोकल फॉर लोकल' और 'लोकल फॉर ग्लोबल' के मंत्र पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों, निवेशकों, तकनीशियनों, वैज्ञानिकों से अपील की कि वे देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपने-अपने कौशल का उपयोग करें। मुख्यमंत्री शुक्रवार को स्थानीय राजीव गांधी खेल परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों के लिए एक लाख रुपए की धनराशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रगान की धुन के साथ ध्वजारोहण किया और प्रदेश व देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर स्थित राज्य स्तरीय शहीदी स्मारक पर वीर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने परेड की टुकडियों का निरीक्षण किया और सलामी ली।

### बारिश की चौतरफा मार, असर हरियाणा पर भी

# मोरनी पर्यटन स्थल पर गतिविधियां बंद ज्यादातर होटल और रेस्टोरेंट खाली पड़े

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

भारी बारिश से हिमाचल और उत्तराखंड में तबाही का असर सीमा से लगते हरियाणा के इलाकों पर भी नजर आने लगा है। हिमाचल की सीमा से सटे पंचकूला के इलाकों पर भी बारिश, जलभराव, सड़कें खराब हो जाने का असर साफ दिखाई दे रहा है। पंचकूला जिले के पहाड़ी पर्यटन क्षेत्र में जहां सड़कों की हालत खराब होने और जलभराव के कारण पर्यटकों ने जाना बंद किया हुआ है, वहीं व्यापार धंधे पर इसका प्रतिकूल असर दिखाई दे रहा है। मोरनी टिक्कर ताल में नौकायन और बाकी गतिविधियां पूरी तरह से बंद पड़ी हुई हैं। पंचकूला जिले के तहत काफी क्षेत्र के गांव कस्बे हिमाचल सीमा से सटे हुए हैं। उदाहरण के तौर पर पिंजौर, कालका क्षेत्र से ही हिमाचल के लिए एंट्री होती है। इसके अलावा मोरनी टिक्कर ताल एरिया भी हिमाचल की सीमा से सटा हुआ है, भारी बारिश और पहाड़ों के दरकने का असर इन इलाकों के व्यापार पर साफ दिखाई दे रहा है।



### नौकायन बंद करने का आदेश

यही कारण भी है कि मोरनी के टिक्कर ताल में पर्यटकों की संख्या ना के बराबर हो गई है। टिक्कर ताल में होने वाली गतिविधियों पर भी ब्रेक लग गया है। नौकायन और बाकी खेल एडवेंचर अस्थायी तौर पर बंद कर दिए गए हैं। भारी बारिश का असरपर्यटन स्थल टिक्कर ताल पर ही नहीं बल्कि पिंजौर गार्डन, कालका क्षेत्र में भी साफ दिखाई दे रहा है। मोरनी क्षेत्र टिक्कर ताल में जलभराव व बाकी खतरों को देखते हुए वहां गतिविधियों को पूरी तरह से रोक दिया गया। वर्षा के कारण टिक्करताल और बाहरी एरिया भी जलमग्न दिखाई दे रहा है। पर्यटकों और कर्मचारियों में भय व खतरे की आशंका भी बढ़ी हुई है। प्रशासन बार-बार नदियों, नालों से दूर रहने की चेतावनी जारी कर रहा है। अधिकारियों ने सारे हालात को देखते हुए दस बारह दिनों के लिए नौकायन बंद करने का आदेश दिया था। बारिश और जलभराव के हालात व आने वाले दिनों में हालात देखकर ही दोबारा गतिविधियों की शुरूआत की बात कही जा रही है। ्रसोशल मीडिया पर टिक्कर ताल और आसपास के क्षेत्रों में पानी का स्तर बढ़ने के वीडियो भी लगातार डाले जा रहे थे, जिसके बाद से लोगों में डर व्याप्त था।

### मोरनी क्षेत्र में भूस्खलन के घटनाओं से चिंता

हिमाचल मार्ग पंचकूला से निकलने के साथ ही धर्मपुर और उसके पहले शिमला मुख्य मार्ग की दुकानों और व्यापार धंधे ठप पड़े हुए हैं। पर्यटन गतिविधियां भी बंद हैं। होटल और रेस्टोरेंट और मनोरंजन के बाकी कामकाज भी बंद हैं। बारिश का असर केवल झील तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि आसपास की कुछ सड़कों पर जलभराव की स्थिति भी पैदा हो गई है। मोरनी क्षेत्र में भूस्खलन की दो घटनाएं भी दर्ज की गईं, हालांकि कोई बड़ी घटना नहीं हुई। मोरनी और टिक्कर ताल प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण के लिए प्रसिद्ध हैं और विशेषकर सप्ताहांत पर बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं। मौसम संबंधी चिंताओं के चलते पर्यटकों की संख्या में कमी आई है, लेकिन अफसरों को उम्मीद है कि हालात जल्द सामान्य होंगे और पर्यटकों की आवाजाही फिर से बढ़ेगी। इसके चलते कौशल्या डैम के फ्लड गेट खोलने पड़े और घग्गर नदी का जलस्तर खतरे के निशान पर पहुंच गया।

## मुख्य सचिव रस्तोगी ने सरकारी आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया

चंडीगढ़। प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने शुक्रवार को चंडीगढ़ स्थित अपने सरकारी आवास पर 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए, मुख्य सचिव ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारी आज़ादी का उत्सव है और उन अनगिनत देशभक्तों को श्रद्धांजलि है, जिनके बलिदान से हमें आजादी मिली। एकता, अखंडता और लोकतंत्र के उन सिद्धांतों को बनाए रखना हमारा परम कर्तव्य है, जिन्हें उन्होंने संजोया था। इस अवसर पर मानव संसाधन विभाग के आयुक्त एवं सचिव सी.जी. रजनीकान्थन, कार्मिक, प्रशिक्षण एवं संसदीय कार्य विभाग के विशेष सचिव डॉ. आदित्य दहिया, निगरानी एवं समन्वय की विशेष सचिव डॉ. प्रियंका सोनी, सचिवालय स्थापना के विशेष सचिव संवर्तक सिंह खंगवाल, हरियाणा सिविल सचिवालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने दी पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि वाजपेयी ने देश में सुशासन व विकास की नींव रखने का काम किया।

## जीजा की गला काटकर की थी हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

गुरुग्राम। गुरुग्राम में बहन से लव मैरिज करने से गुस्साए भाई ने उसके पति की तालिबानी तरीके से हत्या कर दी। उसने साथियों के साथ मिलकर पहले उसे किडनैप किया। इसके बाद उसके दोनों हाथ बांध दिए। आंखों पर भी पट्टी बांधी। इसके बाद दम तोड़ने तक चाकू से उसका गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद उसकी लाश को अंसल फार्म हाउस के पास पहाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस ने कत्ल के मामले में मुख्य आरोपी और उसका साथ देने वाले दंपती व एक अन्य आरोपी को गुरुग्राम, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, गत 6 जुलाई को अरावली की पहाड़ियों पर एक युवक की लाश मिली थी। उसकी बुरी तरह से गला रेतकर हत्या की गई थी। उसके दोनों हाथ बंधे हुए थे। आंखों पर भी पट्टी बंधी हुई थी। शव के पास की पुलिस को एक चाकू भी मिला था। इसी से युवक की गर्दन को बुरी तरह से काटा गया था। मृतक के हाथ पर एक महिला का नाम भी गुदा हुआ था।परिजनों ने पुलिस को बताया कि मरने वाले युवक का नाम समीर है। 22 साल का समीर मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मऊ जिले के करहेड़ा गांव का रहने वाला था। वह पत्नी के साथ बल्लभगढ़ में रहता था और आईएमटी फरीदाबाद की एक निजी कंपनी में काम करता था। युवक की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने कत्ल की जांच तेज कर दी। जब पुलिस ने परिजनों से पूछा कि उन्हें किसी पर शक है तो उन्होंने पुलिस को बताया कि समीर ने लव मैरिज की थी।



# बधाई हो दिल्ली!

## ₹11,000 करोड़ की 2 मेगा परियोजनाओं से वर्ल्ड क्लास कनेक्टिविटी का नया युग

# नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री

के द्वारा

## दिल्ली और हरियाणा को जोड़ने वाले दो हाई स्पीड कॉरिडोर्स

### द्वारका एक्सप्रेसवे

शिव मूर्ति से दिल्ली-हरियाणा सीमा तक

(NH-248BB, लंबाई: 10 किमी, लागत: ₹5400 करोड़)

**परियोजना के लाभ**

- दिल्ली–गुरुग्राम के बीच वैकल्पिक मार्ग से NH-48 पर ट्रैफिक जाम से राहत
- शिव मूर्ति, यशोभूमि, बिजवासन रेलवे स्टेशन और मेट्रो से बेहतर संपर्क
- 3.6 किमी स्टेट ऑफ आर्ट 8 लेन टनल, ऊपर 10 लेन का सड़क मार्ग
- 4 लेन सुरंग से IGI एयरपोर्ट के लिए वैकल्पिक कनेक्टिविटी
- 16 लेन चौड़ा रोड अंडरब्रिज से निर्बाध यात्रा

एवं

### अर्बन एक्सटेंशन रोड-II

एनएच-44 (अलीपुर) से नांगलोई–नजफगढ़ रोड (दिचाऊँ कलाँ) तक, सोनीपत एवं बहादुरगढ़ स्पर सहित

(NH-344M, 344P, 344N, लंबाई: 66 किमी, लागत: ₹5600 करोड़)

**परियोजना के लाभ**

- अलीपुर, नरेला, बवाना, रोहिणी, मुंडका और नजफगढ़ से सीधा जुड़ाव
- NH44 (दिल्ली–पानीपत), एनएच-09 (दिल्ली–रोहतक), और NH-248BB से बेहतर संपर्क
- बहादुरगढ़ और सोनीपत के लिए नए स्पर कनेक्टिविटी
- चंडीगढ़/पंजाब/जम्मू और कश्मीर से IGI एयरपोर्ट की यात्रा सुगम
- भलस्वा व गाजीपुर MCD साइट्स से 10 लाख टन इनर्ट मटेरियल का उपयोग
- 10,000 से अधिक पेड़ों का सफल ट्रांसप्लांटेशन
- 6 मल्टी-लेवल इंटरचेंज: फ्लाईओवर व अंडरपास शामिल



## का लोकार्पण

दिनांक : 17 अगस्त 2025 | समय : दोपहर 12:00 बजे | स्थान: रोहिणी, सेक्टर 37, नई दिल्ली



**गरिमामयी उपस्थिति**

**नितिन गडकरी**
केन्द्रीय मंत्री, सड़क परिवहन और राजमार्ग

**नायब सिंह**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

**अजय टम्टा**
केन्द्रीय राज्यमंत्री, सड़क परिवहन और राजमार्ग

**हर्षा मल्होत्रा**
केन्द्रीय राज्यमंत्री, सड़क परिवहन और राजमार्ग एवं कॉर्पोरेट मामले

**विनय कुमार सक्सेना**
उपराज्यपाल, दिल्ली

**रेखा गुप्ता**
मुख्यमंत्री, दिल्ली

**प्रवेश साहिब सिंह**
मंत्री, दिल्ली

**रविंदर सिंह (इंद्राज)**
मंत्री, दिल्ली

**राजा इकबाल सिंह**
मेयर, दिल्ली

**योगेंद्र चांदोलिया**
सांसद उत्तर-पश्चिम दिल्ली

**कमलजीत सहरावत**
सांसद पश्चिम दिल्ली

**रामवीर सिंह बिधूड़ी**
सांसद दक्षिण दिल्ली

**दीपेन्द्र सिंह हुड्डा**
सांसद, रोहतक, हरियाणा

**सतपाल ब्रह्मचारी**
सांसद, सोनीपत, हरियाणा

**निखिल मदान**
विधायक, सोनीपत, हरियाणा

**राजेश जून**
विधायक, बहादुरगढ़, हरियाणा

**कृष्णा गहलावत**
विधायक, राई, हरियाणा

**पवन खरखौदा**
विधायक, खरखौदा, हरियाणा

**कैलाश गहलोत**
विधायक, बिजवासन, दिल्ली

**राज करण खत्री**
विधायक, नरेला, दिल्ली

**गजेंद्र दराल**
विधायक, मुंडका, दिल्ली

**पंकज कुमार सिंह**
विधायक, विकासपुरी, दिल्ली

**नीलम पहलवान**
विधायक, नजफगढ़, दिल्ली

**प्रद्युम्न सिंह राजपूत**
विधायक, द्वारका, दिल्ली

CBC 37107/15/0010/2526

सीधा प्रसारण देखें DD NEWS पर

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

## खबर संक्षेप



### लितानी गांव में मिली पंचकूला के भाजपा नेता की चोरी हुई मर्सिडीज

**उकलाना।** पंचकूला से भाजपा नेता श्याम लाल बंसल की मर्सिडीज गाड़ी जिले के उकलाना क्षेत्र के लितानी गांव में मिली है। शनिवार सुबह जब यह कार लोगों ने देखी तो पुलिस को सूचना दी। यह कार पंचकूला से चोरी हुई बताई जा रही है। श्याम लाल बंसल पंचकूला से चुनाव भी लड़ चुके हैं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह एक अज्ञात शख्स उनके घर से कार की चाबी उठाकर मर्सिडीज लेकर भाग गया। वह जब जींद के नरवाना पार करके गांव दनौदा आया तो वहां से गांवों से होता हुआ लितानी आ गया। मगर यहां एक तंग गली में कार फंस गई। कार निकालने की कोशिश में कार पर कई जगह स्क्रैच पड़ गए। गांव वालों को आता देख अज्ञात युवक गांव की तंग गली में छोड़कर चाबी साथ लेकर फरार हो गया।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरूजी सम्राट



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
7534997731

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## भिवानी टीचर हत्याकांड : आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर चक्का जाम की चेतावनी

# सरकार का सख्त एक्शन, एसपी हटाया, एसएचओ समेत 4 सस्पेंड

- आईजी वाई पूर्ण कुमार ने एसपी मनबीर सिंह के साथ किया घटना स्थल का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लोहारू

सिंघानी में प्ले स्कूल की शिक्षिका की कथित हत्या के मामले में पांचवें दिन भी दोषियों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। ढिगावा में अनिश्चितकालीन धरना जारी है वहीं इलाके के सोहांसरा, लोहारू और कई गांवों में रात को कैंडल मार्च निकालकर गुस्साए लोग प्रशासन और सरकार को कोसा। रोहतक रेंज के आईजी वाई पूर्ण कुमार ने सिंघानी में घटनास्थल का दौरा किया और पुलिस अधिकारियों से बातचीत कर साक्ष्य जुटाए। इस दौरान आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ढिगावा में चल रहे धरने के प्रतिनिधिमंडल ने आईजी से मुलाकात की तथा 48 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए आंदोलन को प्रदेश स्तर पर पहुंचाने और चक्का जाम करने की धमकी दी।

### कोताही पर कार्रवाई

चार दिनों में इस मामले में शून्य परिणाम के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिहं ने भी मामले में संज्ञान लिया है। इस मामले में कोताही बरतने वाले चार पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है, जबकि थाना प्रभारी अशोक कुमार को लाइन हाजिर और जिला पुलिस कप्तान मनबीर सिंह का तबादला कर दिया गया है। ईआरवी के तीन और महिला एएसआई को निलंबित किया गया है। आईजी वाई पूर्ण कुमार ने आम लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि अफवाहों पर ध्यान ना दें। संयम से काम ले और पुलिस को जांच करने का टाइम दें। पुलिस सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी और गुनहगारों को जल्दी ही गिरफ्तार करेगी।






**लोहारू।** मृतका मनीषा (फाइल फोटो) एवं मौके का निरीक्षण करते आईजी वाई पूर्ण कुमार एवं अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### जांच में 6 टीमें जुटी

21 सदस्यीय कमेटी ने आईजी से की मुलाकात, असंतुष्ट कमेटी सदस्यों ने 48 घंटे में दोषियों की गिरफ्तारी नही होने की सूरत में दी प्रदेश में चक्का जाम की चेतावनी दी। बीती सांय लोहारू पहुंचे आईजी वाई पूर्ण कुमार से ढिगावा में हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना दे रहे 21 सदस्यों की कमेटी ने लोहारू के लोक निर्माण विश्राम गृह में मुलाकात की और अब तक के हालातों पर चर्चा की। कमेटी के सदस्य कपूर सिंह प्रधान ने कहा कि चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस की लापरवाही से नकारा नही जा सकता। चार दिन बाद भी पुलिस की जांच एक कदम भी आगे नही बढ़ पाई है। यदि 48 घंटों में दोषियों की गिरफ्तारी नही हुई तो चक्का जाम कर दिया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगा। आईजी वाई पूर्ण कुमार ने बताया कि भिवानी एसपी के साथ सिंघानी घटना स्थल का दौरा किया गया है और आवश्यक टिप्स जुटाए गए हैं। जांच में 6 टीमें जुटी हुई हैं। मृतका युवती का पीजीआई रोहतक में भी बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से लग रहा है उसे मारा गया है। जबकि मौत के असली कारणों की जांच के लिए शरीर के कई अंगों का विसरा जांच के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि टैक्निकल सबूतों पर भी काम किया जा रहा है, दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पूर्व सीएम हुड्डा ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

**बहादुरगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि मनीषा हत्याकांड ने पूरे प्रदेश को दहलाकर रख दिया है।



तमाम दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार के लिए न्याय मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। शहर के जटवाड़ा मोहल्ला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि बहादुरगढ़ समेत पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था का जनाजा निकल चुका है। यहां व्यापारियों को रोज धमकियां मिल रही हैं। व्यापारी, कारोबारी, कर्मचारी, राजनीतिज्ञ, आमजन खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे। प्रदेश में सरकार नाम की चीज ही नहीं है और अपराधियों ने पूरी व्यवस्था को अपने कब्जे में ले लिया है। मनीषा हत्याकांड के बाद हर परिवार अपनी बहन-बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। समय रहते अगर पुलिस जाग जाती तो बेटी की जान बचाई जा सकती थी। सरकार को जनता की सुरक्षा से कोई लेना-देना नहीं है। एक जिम्मेदार विपक्ष होने के नाते कांग्रेस ने बार-बार बीजेपी सरकार को आगाह किया है। सरकार का बेपरवाह रवैया आम लोगों की जान-माल के लिए खतरा साबित हो रहा है।

## आरोपी की तलाश में पुलिस की तीन टीमें लगी

# फतेहाबाद: मजदूर की कस्सी से गर्दन काटकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

जिले के गांव ढाणी गिल्लाखेड़ा में बिहार मजदूर की हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने व्यक्ति की गर्दन पर कस्सी से कई बार किए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीन ऑफ क्राइम की टीम ने भी मौके पर जाकर सबूत जुटाए। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है और उसकी गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। गांव ढाणी गिल्लाखेडा निवासी अरविंद कुमार पुत्र बलवंत सिंह की जमीन सिरसा के गांव पतली डाबर निवासी जगीर सिंह ने ठेके पर ली हुई है। जागीर सिंह ने इस जमीन की देखभाल के लिए बिहार के मधेपुरा जिले के गांव कुमारखंड निवासी राजेंद्र सिंह जुलाहा को नौकरी पर रखा हुआ था। शुक्रवार रात को राजेंद्र सिंह खाना खाने के बाद खेत में ही सो गया था। सुबह जब जगीर सिंह चाय लेकर खेत पहुंचा जब उसने नजदीक जाकर देखा तो राजेंद्र सिंह का शव लहुलूहान पड़ा हुआ था।

### की जा रही जांच

> ढाणी गिल्लाखेड़ा में अरविंद पुत्र बलवंत सिंह के खेत में कार्यरत मजदूर राजेंद्र दास पुत्र छतेदास, निवासी कुमारखंड (बिहार) की हत्या के मामले में फतेहाबाद पुलिस जांच कर रही है। फतेहाबाद पुलिस ने हत्या के आरोपी की पहचान कर ली है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं। **-सिद्धांत जैन**, पुलिस अधीक्षक

## आरपीएफ के जवानों ने एक घंटे तक खंगाली ट्रेन

# शताब्दी ट्रेन को बम से उड़ाने की धमकी, झूठी निकली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अमृतसर-नई दिल्ली शताब्दी ट्रेन में बम की अफवाह ने यात्रियों के होश उड़ा दिए। सूचना रेलवे को मिली सूचना के बाद अंबाला आरपीएफ पोस्ट के जवान अलर्ट हो गए। अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने ट्रेन को रोक कर छानबीन की। हालांकि ट्रेन में कुछ नहीं मिला। पता चला है कि रेलवे कंट्रोल रूम को एक धमकी प्राप्त हुई थी जिसमें अमृतसर नई दिल्ली शताब्दी को बम से उड़ाने की धमकी थी। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई। अंबाला कैंट स्टेशन पर ट्रेन पहुंचते ही यात्रियों को नीचे उतारा गया। इसके बाद पूरी ट्रेन की चेकिंग शुरू हुई। आरपीएफ के जवानों ने ट्रेन के साथ ही यात्रियों के सामान की भी तलाशी ली। इस दौरान ट्रेन को एक घंटे तक

जांच करता आरपीएफ के जवान



अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर रोक कर रखा गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर रविंद्र ने बताया कि अंबाला कैंट स्टेशन पर ट्रेन को एक घंटे के लिए रोका गया। जांच के दौरान कुछ नहीं मिला। इसके बाद ट्रेन को दिल्ली की और रवाना कर दिया गया ट्रेन में बम की सूचना पर अंबाला कैंट स्टेशन पर सभी सुरक्षा एजेंसी आ गई थी। इसमें डॉग स्क्वायड के साथ पूरी टीम मौजूद रही। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन में बम की सूचना झूठी निकली। धमकी भरी कॉल की जांच करवाई जाएगी।

## कुरुक्षेत्र में हादसा, बस में 51 खिलाड़ी सवार थे सभी सुरक्षित

# खिलाड़ियों को लेकर जा रही स्कूल बस का ड्राइवर अचानक हुआ बेहोश, गड्ढे में गिरी बस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

बीरआर चौक के समीप शुक्रवार रात्रि एक निजी स्कूल की खिलाड़ियों से भरी हुई बस के चालक को अचानक हार्ट अटैक आ जाने से हड़कंप मच गया। हालांकि चालक ने दर्द की अवस्था मे ही बस को साइड में लगा दिया किन्तु बस का एक पहिया सड़क के बिल्कुल साथ कच्चे में उतर गया। बताया जाता है कि जिस समय यह हादसा हुआ उस समय बस में 51 खिलाड़ी थे। फिलहाल सभी सुरक्षित हैं। इसके अलावा चालक को अस्पताल में भिजवा दिया गया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात्रि करीब 8 बजे प्राइवेट स्कूल की बस कराटे चैंपियनशिप में हिस्सा लेने आए अंबाला और करनाल के बच्चों को लेकर 100 फुटा रोड से होते हुए पंजाबी धर्मशाला जा रही थी। जैसे ही बस बीआर चौक के पास पहुंची, तो बस चला रहे ड्राइवर के सीने अचानक तेज दर्द हुऔर और वह बेहोश हो गया। ड्राइवर के बेहोश होते ही बस पर उसका कंट्रोल नहीं रहा और बस बेकाबू होकर सड़क से नीचे गड्ढे में उतर गई। इससे बस में सवार बच्चों में चीख पुकार मच गई। कई बच्चे तो चलती बस से नीचे कूद गए। आसपास के लोगों ने ड्राइवर और बच्चों को बाहर निकालकर डायल-112 को सूचना दी। एम्बुलेंस के जरिए ड्राइवर को पास के अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में किसी को चोट नहीं आई।



**कुरुक्षेत्र।** कच्चे में उतरी बस।

### नहीं आई शिकायत

> उनके पास जैसे ही बस चालक के हार्ट अटैक को लेकर सूचना आई तुरन्त पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी, बस का का एक पहिया कच्चे में उतर गया था। बस में मौजूद सभी खिलाड़ी सुरक्षित है लिहाजा कोई शिकायत भी नहीं आई और न ही अस्पताल से कोई सूचना आई है। **-मलकीत सिंह**, सुभाष मंडी चौकी प्रभारी

# अंबाला सेंट्रल जेल से बंदी फरार, गिनती में गायब मिला

- धार्मिक स्थल पर अश्लील हरकतें करने के आरोप में हुई थी गिरफ्तारी, पुलिस तलाश में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अंबाला सेंट्रल जेल से एक बंदी फरार हो गया। फरारी का पता तब चला जब बंदियों की गिनती की जा रही थी। अब बंदी को तलाशने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस को भी मामले की शिकायत दी गई है। फरार बंदी की शिनाख्त सुखबीर कालिया के तौर पर हुई। उसे दो दिन पहले पंचकुला से अंबाला जेल लाया गया था। पता चला है कि सुखबीर दीवार फांदकर फरार हुआ है। 1992 के बाद यह पहला ऐसा अवसर था जब सेंट्रल जेल से इस तरह कोई बंदी फरार होने में कामयाब रहा है। फरार बंदी सुखबीर कालिया पर धार्मिक स्थल पर अश्लील हरकतें करने का आरोप है। उस पर पंचकुला की कोर्ट में केस चल रहा था। सुखबीर कालिया के खिलाफ 31 अगस्त 2024 को पंचकुला के चंडी मंदिर थाना में भारतीय दंड संहिता की धारा 296 के तहत मामला दर्ज हुआ था। उसे 11 अगस्त को अंबाला सेंट्रल जेल भेजा गया था लेकिन सेंट्रल जेल की दीवारें उसे ज्यादा देर रोक नहीं पाई। शाम को जब जेल में रोज की तरह बंदियों की गिनती शुरू हुई, तो एक नंबर कम निकला। जैसे ही नाम पुकारा गया सुखबीर कालिया, कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद जेल कर्मचारियों ने उसकी हर जगह तलाशी की। सीसीटीवी कैमरे तक खंगाले गए लेकिन उसका पता नहीं चल पाया।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Ms. Deepti
Civil Judge (Senior Division), Sonipat, Sonipat
Guddi
Vs.
General Public
CNR No. HRSO02-001468-2025
Next Date:- 17-10-2025
SUCCTION 33-2025
Prayed that in view of the above mentioned facts a succession certificate may please be issued in favour of the petitioner in the interest of justice.
PUBLICATION ISSUED TO:
GENERAL PUBLIC
:-
SONIPAT
In above titled case, the defendant(s) / respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on 17.10.2025 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/-
Civil Judge (Senior Division), Sonipat, Sonipat
Dated, this day of 05.08.2025

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Ms. Deepti
Civil Judge (Senior Division), Sonipat, Sonipat
Reminder
Shakuntla
Vs.
Baru Ram
CNR No. HRSO02-000518-2017
Next Date : 25.08.2025
CS 411-2017 DOH 25.08.2025
suit for joint possession by way of declaration with consequential relief of permanent injunction.
PUBLICATION ISSUED TO :
5) Smt. Dhanpati Devi W/O Maha Singh, Resident of VPO Butana, Dist. Sonipat
6) Smt. Savitri Devi Spouse::- Sukhbir Kiroli (Peladpur)
In above titled case, the defendant(s) / respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on 25.08.2025 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/-
Civil Judge (Senior Division), Sonipat, Sonipat
Dated, this day of 30.07.2025

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Ms. Deepti
Civil Judge (Senior Division), Sonipat, Sonipat
Jagdish Chander deceased through LRs Urmila Devi
Vs.
1 Vikram Singh
CNR No. HRSO02-000715-2025
Next Date : 21-11-2025
CM-48-2025
Prayed that the above said suit of the plaintiff may kindly be restored in its original number and the further proceedings be Initiated accordingly, in the interest of justice.
PUBLICATION ISSUED TO:
6) Sandeep Father: :-Sh Mahabir Village Murthal tehsil and Distt Sonipat
7) Jai Singh s/o Sh. Charan Dass r/o Village Kansala, Rohtak at present r/o West Ram Nagar Sonipat
In above titled case, the defendant(s) / respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on 21.11.2025 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/-
Civil Judge (Senior Division), Sonipat, Sonipat
Dated, this day of 05.08.2025

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Ms. Deepti
Civil Judge (Senior Division), Sonipat, Sonipat
Archana Dahiya
Vs.
General Public
CNR No. HRSO02-001030-2025
Next Date : 18-08-2025
Succtlon 27-2025
Prayed that the succession certificate in favour of the petitions in respect Amount of Rs. 3,71,000/- along with interest and benefit lying deposited in saving Bank Account no. 01112121036468 of PNB Bank Bhadurgarh, in the name of Damyanti w/o puran singh and d/o jailal now deceased, may kindly be granted in the interest of justice.
PUBLICATION ISSUED TO:
GENERAL PUBLIC
:-
GENERAL PUBLIC
In above titled case, the defendant(s) / respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on 18.08.2025 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/-
Civil Judge (Senior Division), Sonipat, Sonipat
Dated, this day of 01.08.2025

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

# स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों में बांटे फंगस वाले लड्डू

**डबवाली।** डबवाली क्षेत्र के स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों में सरकारी रिफ्रेशमेंट में खराब लड्डुओं के वितरण की लापरवाही का मामला सामने आया है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों व अन्य को फंफुदी वाले खराब लड्डू वितरित हुए। डबवाली के उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम में जब पता चला की लड्डू खराब है तो फिर वितरण रोक दिया गया। हैबूआना गांव में खराब लड्डू खाकर कुछ लोगों की तबीयत खराब हो गई। सोशल मीडिया पर स्वतंत्रता दिवस समारोह से ज्यादा चर्चा लड्डुओं की हो रही है। डबवाली के लड्डू जिस हलवाई के यहां से आए थे वह अपने आप को भावी एम एल ए बताता है। यह पता नहीं चला कि उसने लड्डू बेचे या फिर कोई अधिकारी बेगार पर ले गया था। गांव हैबूआना में तो गांव प्रतिनिधियों ने भी खराब लड्डू खा लिए। बाद में उनकी तबीयत बिगड़ गई। लोग इन लड्डुओं के लिए प्रशासन को कोस रहे हैं। इन लड्डुओं को लेकर प्रशासन कोई कार्रवाई करता है या नहीं।




**सिरसा।** डबवाली में रिफ्रेशमेंट के दौरान वितरण किए गए लड्डू। फोटो : हरिभूमि

# गर्भपात की दवा अवैध रूप से बेचने वाला नेटवर्क पकड़ा

## मेडिकल स्टोर से कारिंदा गिरफ्तार, दूसरा फरार

**सोनीपत।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गर्भपात की दवा अवैध रूप से बेचने वाले नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान मेडिकल स्टोर पर काम करने वाले कारिंदे विक्की को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका दूसरा साथी राजेश मौके से फरार हो गया। यह कार्रवाई बीपीएस महिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती एक महिला की शिकायत के बाद की गई, जिसे गर्भपात की दवा खाने से गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सिविल सर्जन डॉ. ज्योत्सना को सूचना मिली थी कि गर्भपात की दवा खाने से एक महिला की हालत बिगड़ गई है। इस पर विभाग ने विशेष टीम का गठन किया, जिसमें डॉ. नितिन फलस्वाल, डॉ. दीपक कौशिक और डॉ. योगेश दहिया शामिल थे। महिला ने जांच टीम को बताया कि वह ढाई महीने की गर्भवती थी और गर्भपात के लिए उसके पति ने रेलवे रोड समालखा स्थित मेडिकल स्टोर पर काम करने वाले विक्की से 500 रुपये में एमटीपी किट खरीदी थी। इस सूचना को तुरंत पानीपत स्वास्थ्य विभाग के साथ साझा किया गया।


## शब्द पहेली - 5960




**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल (उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

### शब्द पहेली - 5959 का हल





# ऑपरेशन सिंदूर से पूरी दुनिया ने देखी भारत की ताकत : पीएम

## स्वतंत्रता दिवस पर मोदी 103 मिनट बोले, लाल किले पर किसी पीएम का सबसे लंबा भाषण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

79वें स्वतंत्रता दिवस पर पीएम मोदी ने लाल किले पर लगातार 12वीं बार तिरंगा फहराया। इस दौरान उन्होंने 103 मिनट का भाषण दिया। यह अब तक के किसी भी प्रधानमंत्री का लाल किले से दिया सबसे लंबा भाषण है। लाल किले पर भाषण देकर मोदी ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा है। उन्होंने 2015 में 88 मिनट का भाषण दिया था। तब उन्होंने पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ा था। नेहरू ने 1947 में 72 मिनट का भाषण दिया था। पीएम ने अपने भाषण की शुरुआत ऑपरेशन सिंदूर से की। इस पर 13 मिनट से ज्यादा बोले। उन्होंने आतंकवाद, सिंधु समझौता, आत्मनिर्भरता, मेड इन इंडिया, नक्सलवाद और अवैध घुसपैठियों पर अपनी बात रखी। उन्होंने बिना नाम लिए ट्रम्प के टैरिफ का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इस दिवाली पर सरकार जीएसटी रिफॉर्म ला रही है। इससे आम लोगों को टैक्स में बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज मुझे लाल किले की प्राचीर से ऑपरेशन सिंदूर के वीर जांबाजों को सैल्यूट करने का अवसर मिला है। हमारे सैनिकों ने दुश्मनों को उनकी कल्पना से परे सजा दी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में सीमा पार से आतंकियों ने जिस प्रकार का कत्ले आम किया। धर्म पूछकर लोगों को मारा। पूरा हिंदुस्तान आक्रोश से भरा हुआ था। पूरा विश्व इस संहार से चौंक गया था। ऑपरेशन सिंदूर उसी आक्रोश की अभिव्यक्ति है।



### खून और पानी एक साथ नहीं बहेगा

उन्होंने कहा कि सिंधु का समझौता कितना एकतरफा है। भारत का पानी दुश्मनों की धरती को सींच रहा है। मेरे देश की धरती प्यासी है। पिछले कई दशक से इस समझौते ने देश के किसानों का नुकसान किया। अब हमने न्यू नॉर्मल स्थापित किया है। आतंक और आतंकियों को पालने पोसने वालों को अब हम अलग-अलग नहीं मानते। वे मानवता के समान दुश्मन हैं। अब भारत ने तय कर लिया है कि परमाणु धमकियों को हम नहीं सहेंगे। परमाणु ब्लैकमेल अब नहीं सहा जाएगा। आगे भी अगर दुश्मनों ने कोशिश जारी रखी तो हमारी सेना तय करेगी कि सेना की शर्तों पर सेना जो लक्ष्य तय करे उसे हम अमल में लाएंगे। भारत ने तय कर लिया है कि खून और पानी एक साथ नहीं बहेगा।

### 12 साल में पहली बार लाल किले से आरएसएस का जिक्र

'आज गर्व के साथ मैं इस बात का जिक्र करना चाहता हूं कि आज से 100 साल पहले एक संगठन का जन्म हुआ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ। 100 साल की राष्ट्र की सेवा बहुत ही गौरवपूर्ण है। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के संकल्प को लेकर 100 साल मां भारती के कल्याण का लक्ष्य लेकर मातृभूमि के लिए अपना जीवन समर्पित किया, सेवा, समर्पण संगठन और अप्रतिम अनुशासन जिसकी पहचान रही है। ऐसा आरएसएस दुनिया का सबसे बड़ा एनजीओ है।'

दाम कम, लेकिन दम ज्यादा

## भारत में बने उत्पाद कड़ी मेहनत से बने, उन्हें ही खरीदें

उन्होंने कहा कि दुनिया गुणवत्ता को स्वीकार करती है। हमारी गुणवत्ता सर्वोत्तम होनी चाहिए। सरकार कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करने और उत्पादन लागत कम करने के लिए भी प्रयास कर रही है। विनिर्माण क्षेत्र से जुड़े हम सभी लोगों को एक मंत्र अपनाना चाहिए, 'दाम कम लेकिन दम ज़्यादा'। भारत में बने उत्पाद, भारत के नागरिकों की कड़ी मेहनत से बने, हमारी मिट्टी की खुशबू से युक्त, आत्मनिर्भरता के संकल्प को मजबूत करने वाले, हम उन्हीं को खरीदेंगे, उन्हीं का उपयोग करेंगे, और उसी दिशा में आगे बढ़ेंगे। यही हमारा सामूहिक संकल्प होना चाहिए।

**मोटापा समस्या, लोग घरों में 10% कम तेल का इस्तेमाल करें:** मोटापा हमारे देश के लिए एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में हर तीन में से एक व्यक्ति मोटापे से प्रभावित होगा। हमें खुद को मोटापे से बचाना होगा। इसलिए सभी को इसमें भाग लेना होगा और मैंने एक छोटा सा उपाय सुझाया था। परिवारों को यह तय करना चाहिए कि जब घर में खाना पकाने का तेल आए, तो वे 10% कम तेल का इस्तेमाल करेंगे। ऐसा करके हम मोटापे के खिलाफ लड़ाई जीतने में योगदान देंगे।

### हमारा अपना मेड इन इंडिया जेट इंजन हो

पीएम मोदी ने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आईएसएस से लौट चुके हैं। स्पेस में भी अपने बलबूते पर आगे बढ़ रहे हैं। भारत का भी अपना स्पेस स्टेशन होगा, भारत इस पर काम कर रहा है। 140 करोड़ भारतवासी 2047 में विकसित भारत के संकल्प को परिपूर्ण करने के लिए ताकत से जुटे हैं। भारत आज हर सेक्टर आधुनिक इकोसिस्टम तैयार कर रहा है। यही हमें हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगा। मैं अपने युवा, टैलेंटेड यूथ, हर के हर विभाग को आह्वान है कि हमारा अपना मेड इन इंडिया जेट इंजन होना चाहिए। पीएम ने कहा कि हमें किसी की भी लकीर छोटी नहीं करनी है। किसी की लकीर को छोटा करने में हमें अपनी ऊर्जा नहीं खपानी है। हमें अपनी लकीर लंबी करनी है। हम अगर अपनी लकीर लंबी करते हैं तो दुनिया भी हमारा लोहा मानेगी और ऐसे समय में जब वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है।

## खबर संक्षेप

### उमा ने की शाहजहांपुर का नाम बदलने की मांग

**बरेली।** मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने शनिवार को बरेली के



आंवला में वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने पड़ोसी जनपद के नाम पर कहा कि शाहजहांपुर अच्छा नहीं लगता। मुख्यमंत्री योगी से अनुरोध है कि इसके लिए कोई नया नाम प्रस्तावित कर दें।

### केरल में ब्रेन-ईटिंग अमीबा का खतरा, बच्ची की मौत

**नई दिल्ली।** निपाह वायरस के प्रकोप के बाद दक्षिणी राज्य केरल से एक और गंभीर संक्रामक रोग



का मामला सामने आ रहा है। शनिवार को अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी केरल के कोझिकोड जिले में अमीबिक इंसेफेलाइटिस संक्रमण के कारण नौ साल की एक बच्ची की मौत हो गई। ये एक दुर्लभ प्रकार का मस्तिष्क का संक्रमण है।

### जगन्नाथ मंदिर पर चढ़ने की कोशिश, गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड के रांची निवासी एक शख्स ने शनिवार को पुरी



स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर पर चढ़ने की कोशिश की। पंचम महोत नाम का शख्स 12वीं शताब्दी के इस मंदिर के दक्षिणी हिस्से में लगभग 5 से 7 फुट ऊपर तक चढ़ चुका था। इसी दौरान जगन्नाथ मंदिर पुलिस (जेटीपी) के जवानों ने उसे देख लिया। पुलिस ने उसे हिरासत

### सड़क हादसे में रिटायर्ड आर्मी कैप्टन की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर से हिट एंड रन का दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां



एक रिटायर्ड इंडियन आर्मी कैप्टन की कार की टक्कर लगने से मौत हो गई। वे कार के बाएं अगले पहिये के नीचे फंसकर लगभग 10 फीट तक घिसटते रहे। इस घटना में उनकी दर्दनाक मौत हो गई। इसके बाद यह हिट एंड रन की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।

### दो मासूम बेटियों का गलाघोंटा, मां पर शक

**उज्जैन।** महिदपुर में एक मां ने ममता को शर्मसार करते हुए अपनी ही दो मासूम बेटियों की बेरहमी से



हत्या कर दी। तुलसापुर गांव की इस वारदात ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी महिला आरती को हिरासत में लिया गया है। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे अपनी 4 वर्षीय बेटी अनिष्का और 8 महीने की दुधमुही बच्ची उमा का गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया।

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और इंडी गठबंधन के कई अन्य नेता होंगे शामिल

# राहुल आज से निकालेंगे 'वोटर अधिकार यात्रा' दो सप्ताह में 1300 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे

एजेंसी ▶▶| सासाराम

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कथित ''वोट चोरी'' के खिलाफ रविवार से यहां 'वोटर अधिकार यात्रा' शुरू करेंगे, जिसमें बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और 'इंडिया' गठबंधन के कई अन्य नेता शामिल होंगे। कांग्रेस ने कहा कि निर्वाचन आयोग को भाजपा के ''डबल इंजन'' का एक डिब्बा नहीं बनाने दिया जा सकता। इस यात्रा में कुल 1300 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, ''आजाद भारत में आजादी से सांस लेना इसलिए संभव है, क्योंकि हमारे पास वोट करने की ताकत है। राहुल गांधी जी ने संघर्ष शुरू किया है, ताकि देश में हर एक नागरिक आजादी से सांस ले सके।'' उन्होंने कहा, ''हमारे 'इंडिया' गठबंधन के साथियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मिलकर अपील की, तो उच्चतम न्यायालय को भी इसमें दखल देना पड़ा। यह षड्यंत्र सिर्फ वोट छीनने का नहीं था। ये आपकी, हमारी पहचान छीनने का षड्यंत्र था।

## देश में दलित, वंचित, पीड़ित, शोषित, अल्पसंख्यक से वोट देने का अधिकार छीना जा रहा

### यह यात्रा एक मील का पत्थर साबित होगी



खेड़ा ने दावा किया कि आज दलित, वंचित, पीड़ित, शोषित, अल्पसंख्यक से वोट देने का अधिकार छीना जा रहा है, कल उनकी भागीदारी छीनी जाएगी। उन्होंने कहा, ''निर्वाचन आयोग इस 'डबल इंजन' का एक डब्बा बनकर रह जाए, ये हमें स्वीकार नहीं होगा। हम इसे लेकर संघर्ष कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।'' कांग्रेस नेता ने कहा, ''बिहार के लोगों से हम आग्रह करते हैं कि यह आपके अधिकार और हक की यात्रा है। आप भी इस यात्रा में शामिल हों, ताकि बिहार से लोकतंत्र को दिशा मिल सके।'' उन्होंने कहा, '' 'वोटर अधिकार यात्रा' एक ऐतिहासिक यात्रा होगी। हम सबके अस्तित्व की लड़ाई के लिए यह यात्रा एक मील का पत्थर साबित होगी।''

**एक सितंबर को पटना गांधी मैदान में होगी पूरी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) के कई अन्य घटक दलों के नेता मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) तथा कथित 'वोट चोरी' के खिलाफ 17 अगस्त से 'वोटर अधिकार यात्रा' शुरू करेंगे। सासाराम से इस यात्रा की शुरुआत होगी और इसका समापन एक सितंबर को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में 'वोटर अधिकार रैली' के साथ होगा।

### भाजपा का पलटवार

### यह यात्रा बिहार में पार्टी की 'शवयात्रा' में बदलेगी : अश्विनी चौबे

रांची (भाषा)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने शनिवार को बिहार में कांग्रेस की प्रस्तावित 'वोटर अधिकार यात्रा' पर



निशाना साधते हुए कहा कि यह जल्द ही पार्टी की 'शवयात्रा' में बदल जाएगी। चौबे ने विश्वास जताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बिहार में बहुमत के साथ अगली सरकार बनाएगा। चौबे ने झारखंड के रामगढ़ जिले में कहा, ''कांग्रेस के दिन अब लद गए हैं। प्रस्तावित यात्रा भविष्य में पार्टी की 'शवयात्रा' में बदल जाएगी।'' कांग्रेस के एक नेता ने बताया कि राहुल गांधी बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के माध्यम से लोगों के मताधिकार पर कथित हमले को उजागर करने के लिए रविवार को 'वोटर अधिकार यात्रा' की शुरुआत करेंगे। चौबे शनिवार को आदिवासी नेता शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए रामगढ़ जिले में उनके पैतृक गांव नेमरा पहुंचे। शिबू सोरेन (81) का दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था।

### चुनाव आयोग करेगा प्रेस कॉन्फ्रेंस, सामने रखेगा अहम मुद्दे



भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने घोषणा की है कि वह रविवारको दोपहर 3 बजे नई दिल्ली के राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेगा। यह जानकारी आयोग के डायरेक्टर जनरल (मीडिया) द्वारा दी गई है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी महत्वपूर्ण घोषणाएं और अपडेट साझा कर सकते हैं, जो आगामी चुनावों और मतदाता सूची संशोधन से संबंधित हो सकते हैं। इसके अलावा, 'वोट चोरी' के गंभीर आरोपों से घिरा भारत निर्वाचन आयोग अब इन आरोपों पर अपनी स्थिति स्पष्ट कर सकता है। दरअसल यह प्रेस कॉन्फ्रेंस ऐसे समय में हो रही है, जब विपक्षी दलों, खास तौर पर कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी ने मतदाता सूची में कथित धांधली और 'वोट चोरी' के आरोप लगाकर आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं।

### 'वोट चोरी' के आरोपों का सिलसिला

2024 के लोकसभा चुनावों और उसके बाद विधानसभा चुनावों के बाद, विपक्षी दलों ने मतदाता सूची में व्यापक पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 7 अगस्त को नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्नाटक के बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र का हवाला देते हुए दावा किया था कि लगभग 1,00,250 वोटों की चोरी हुई। उन्होंने मतदाता सूची में डुप्लीकेट वोटर, फर्जी पते, और एक ही पते पर सैकड़ों वोटरों के नाम होने जैसे गंभीर आरोप लगाए।

सातवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

## वाजपेयी विकसित भारत के निर्माण में सभी को प्रेरित करते रहेंगे : मोदी

*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय मंत्रियों सहित लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने दी श्रद्धांजलि*



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सातवीं पुण्यतिथि पर शनिवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि वह विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए सभी को प्रेरित करते रहेंगे। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''सभी देशवासियों की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी पुण्यतिथि पर सादर नमन। राष्ट्र के चौतरफा विकास को लेकर उनका समर्पण और सेवा भाव विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान के लिए हर किसी को प्रेरित करने वाला है।'' प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय मंत्री और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई अन्य गणमान्य लोग वाजपेयी को श्रद्धांजलि देने के लिए यहां उनके स्मारक 'सदैव अटल' पहुंचे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वाजपेयी का जीवन राष्ट्र की अटूट सेवा के लिए समर्पित था।

### भारतीय जनता पार्टी के संस्थापकों में एक थे वाजपेयी

उन्होंने कहा कि उनके विचार और आदर्श भारत की प्रगति की यात्रा का मार्गदर्शन करते रहेंगे। वाजपेयी भारतीय जनता पार्टी के संस्थापकों में एक थे। वह तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने। उनका पहला कार्यकाल 1996 में मात्र 13 दिनों का था। इसके बाद, वह 1998 में फिर प्रधानमंत्री बने और उन्होंने 13 महीने तक इस पद को संभाला। वर्ष 1999 में वह तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने। वह पहले ऐसे गैर-कांग्रेसी नेता थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्यकाल पूरा किया।

### विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ

वायपेयी को आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने का श्रेय दिया जाता है, जिससे देश का तेजी से विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ। वर्ष 2018 में आज ही के दिन दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में उनका लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था।

अमृत उद्यान में तीन नए आकर्षण जुड़े

## राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन सर्वजन के लिए खोले गए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान में इस साल तीन नए आकर्षण जोड़े गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को प्लूमेरिया गार्डन, बरगद ग्रोव और बैबलिंग ब्रूक का उद्घाटन किया। ये तीनों उद्यान आम जनता के लिए 16 अगस्त से 14 सितंबर 2025 तक खुले रहेंगे। राष्ट्रपति भवन के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट 'प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' के मुताबिक, प्लूमेरिया गार्डन घास के टीलों और विशेष रूप से लगाए गए पौधों से सजाया गया है। बरगद ग्रोव में रिफ्लेक्सोलॉजी पथ, पंचतत्व पथ और जंगल जैसे ध्वनि परिदृश्य तैयार किए गए हैं। वहीं बैबलिंग ब्रूक में झरनों, मूर्तिकला की टोंटियों, सीढ़ीनुमा पत्थरों और एक कुंड को शामिल किया गया है, जिससे यह जगह बेहद आकर्षक और शांत वातावरण प्रदान करती है। इससे पहले गुरुवार को राष्ट्रपति ने अमृत उद्यान ग्रीष्मकालीन वार्षिक संस्करण का उद्घाटन किया था।

'द बंगाल फाइल्स' के ट्रेलर लॉन्च पर हंगामा

## कोलकाता पुलिस ने रोका भड़के निर्देशक व अभिनेत्री

एजेंसी ▶▶| कोलकाता




विवेक रंजन अग्निहोत्री की फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' का ट्रेलर शनिवार को रिलीज हुआ। यह ट्रेलर पहले दोपहर 12 बजे रिलीज होना था पर कोलकाता पुलिस ने बीच कार्यक्रम में पहुंचकर इसे रुकवा दिया। इसके चलते हंगामा मच गया और फिल्म का ट्रेलर भी एक घंटे देरी से रिलीज हुआ। इस मामले पर विवेक अग्निहोत्री और उनकी पत्नी व एक्ट्रेस पल्लवी जोशी ने नाराजगी जताते हुए सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी आवाज को दबाया जा रहा है। अग्निहोत्री ने कहा राजनीतिक दबाव के कारण ऐसा किया गया है। उनका कहना था कि फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया तो राजनीतिक उथल-पुथल होगी। फिर हमने एक अन्य मल्टीप्लेक्स से बात की तो उन्होंने भी कहा कि माफ कीजिए सर बहुत अधिक राजनीतिक दबाव है, हम ऐसा नहीं कर सकते। इसके साथ ही फिल्म की अबिनेत्री पल्लवी बोलीं, मैं भी हार मानने वालों से नहीं हूं।

सुप्रीम कोर्ट से कहा- संविधान में कोई 'सुप्रीम' नहीं

## राष्ट्रपति-राज्यपाल के लिए समयसीमा निर्धारण का केंद्र सरकार ने किया विरोध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने राष्ट्रपति और राज्यपाल के लिए किसी विधेयक पर फैसला लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा समयसीमा निर्धारित किए जाने का विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपने जवाब में केंद्र सरकार ने कहा है कि संविधान के मुताबिक कोई 'सुप्रीम' नहीं' है। सुप्रीम कोर्ट, राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए समयसीमा नहीं तय कर सकता। बता दें कि गत 22 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी करके केंद्र सरकार को मामले में अपना जवाब पेश करने के लिए कहा था। सरकार ने कोर्ट में दाखिल किए गए जवाब में संविधान में लोकतांत्रिक व्यवस्था के हर अंग के लिए किए गए 'शक्तियों के बंटवारे' का उल्लेख किया है। सरकार ने कहा है कि संविधान निर्माताओं ने जानबूझकर राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए कोई समयसीमा तय नहीं की थी। राष्ट्रपति और राज्यपाल को संविधान के तहत मिले अधिकार कार्यपालिका की वर्किंग के दायरे में आते हैं। न्यायपालिका इसमें किसी भी तरह का दखल नहीं दे सकती। आर्टिकल 200 के तहत बिल पर फैसला लेने के राज्यपाल के अधिकार की न्यायिक समीक्षा नहीं हो सकती। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए किसी बिल को मंजूरी देने के लिए समयसीमा निर्धारित की गई थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रेसिडेंशियल रेफरेन्स भेजा और 14 विषयों पर सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी। इन्हीं विषयों पर विचार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान पीठ का गठन किया था।

मुंबई में भारी बारिश का कहर, आईएमडी का रेड अलर्ट

## सब कुछ हो गया जाम, लोकल ट्रैक डूबे, दो की मौत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

यहां शनिवार सुबह तेज बारिश के साथ दिन की शुरुआत की। लगातार बारिश से कई इलाकों में पानी भर गया है, जिससे सड़कों पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। लोगों को कम विजिबिलिटी और घुटनों तक पानी में चलकर सफर करना पड़ा। इस बीच भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार मुंबई में अगले 3-4 घंटों के दौरान रत्नागिरी, रायगढ़, मुंबई शहर, मुंबई उपनगर, ठाणे, पालघर जिलों में अलग-अलग स्थानों पर मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है। दादर और बांद्रा स्टेशनों पर रेलवे ट्रैक पानी में डूब गए। हार्बर लाइन पर तिलक नगर और कुर्ला के बीच जलभराव के कारण लोकल ट्रेनों की आवाजाही धीमी हो गई। यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

### कई इलाकों में पानी भर गया, फ्लाइट्स प्रभावित



**मौसम विभाग ने कहा- घरों से बाहर न निकलें**

मौसम विभाग (आईएमडी) ने ऑरेंज अलर्ट को बढ़ाकर शनिवार को रेड अलर्ट कर दिया। मुंबई पुलिस ने भी लोगों से अपील की है कि जब तक बहुत जरूरी न हो, तब तक घरों से बाहर न निकलें। पुलिस ने चेतावनी देते हुए कहा कि कई जगहों पर जलभराव और विजिबिलिटी कम है। गैर-जरूरी यात्रा से बचें।

**रनवे और टैक्सीवे पर भरा पानी**

मुंबई एयरपोर्ट पर लगातार बारिश से रनवे और टैक्सीवे पर पानी भर गया, जिससे कई उड़ानों में देरी हुई। यात्रियों को मुश्किलें झेलनी पड़ीं और एयरलाइंस को अलर्ट जारी करना पड़ा। इंडिगो ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे घर से निकलने से पहले वेबसाइट या ऐप पर अपनी फ्लाइट स्टेटस चेक करें और ट्रैफिक व जलभराव को देखते हुए अतिरिक्त समय लेकर एयरपोर्ट पहुंचे।

### विक्रोली में भूस्खलन 2 की मौत, कई घायल

इस बीच विक्रोली (पश्चिम) के जनकल्याण सोसायटी क्षेत्र में भूस्खलन की घटना हुई, जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई और 2 लोग घायल हुए। राहत कार्य जारी है। बीएमसी के अनुसार 15 अगस्त सुबह 8:30 बजे से 16 अगस्त सुबह 5:30 बजे तक विक्रोली में 248.5 मिमी, सांताक्रूज में 232.5 मिमी, सायन में 221 मिमी, जुहू में 208 मिमी, बांद्रा में 173 मिमी, बायकुला में 158.5 मिमी और कोलाबा में 70.4 मिमी बारिश दर्ज की गई।

भाजपा संसदीय दल की बैठक आज

## उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नाम पर चर्चा संभव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) 19 अगस्त को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा कर सकता है। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) रविवार, 17 अगस्त को नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में अपनी संसदीय बोर्ड की बैठक आयोजित करेगी। एक आधिकारिक सूचना के अनुसार, मंगलवार 19 अगस्त को यह बैठक संसद पुस्तकालय भवन के जी.एम.सी. बालयोगी सभागार में होगी और लोकसभा व राज्यसभा के सभी एनडीए सदस्यों से समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है। यह सूचना एनडीए संसदीय दल के कार्यालय सचिव डॉ. शिव शक्ति नाथ बख्शी द्वारा जारी की गई। माना जा रहा है कि इसके बाद उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए के उम्मीदवार का ऐलान हो सकता है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) रविवार, 17 अगस्त को नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में अपनी संसदीय बोर्ड की बैठक आयोजित करेगी। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए के उम्मीदवार पर भी चर्चा होने की संभावना है। इसमें उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए के उम्मीदवार पर भी चर्चा हो सकती है।

**स्वाधीनता दिवस पर पिछले 11 भाषणों से प्रधानमंत्री का इस बार का 12वां संबोधन कई मायनों में अलग था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका व पाकिस्तान को सीधा संदेश दिया, तो आत्मनिर्भर व विकसित भारत के लिए समग्र सुधार की रूपरेखा प्रस्तुत की। पीएम ने कहा कि भारत किसान, पशुपालक और छोटे कारोबारियों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। यह अमेरिका से जारी व्यापार वार्ता के संदर्भ में भारत का दो टूक संदेश था। ऐसे ही पाकिस्तान को संदेश दिया कि आतंकवाद और संधि साथ नहीं चल सकते। भारत खुद परमाणुशक्ति है, इसलिए पाक परमाणु शक्ति की गीदड़भभकी न दे, आतंकवाद जारी रहने तक भारत सिंधु समझौते को निलंबित ही रखेगा। अभी जिस प्रकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत पर अनुचित टैरिफ का बम फोड़ रहे हैं और पाकिस्तान से जुगलबंदी कर रहे हैं, जिसके दम पर पाक जनरल अमेरिकी धरती से भारत को परमाणु धमकी दे रहे हैं व अमेरिका चुप है, इस परिस्थिति में लालकिले से स्पष्ट संदेश देना जरूरी था। हालांकि भारतीय राष्ट्रवाद के आईने में संदेश को और प्रखर बनाया जा सकता था। देश के अंदर जीएसटी सुधार का वादा, नए आर्थिक सुधार का संकल्प और रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी हथियारों पर जोर, रोजगार सृजन की घोषणा आदि भी भाषण के अहम अंश रहे। आजकल के ताजा अंक में पेश है विश्लेषण...**

# आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का आत्मविश्वास





विश्लेषण
अवधेश कुमार
वरिष्ठ स्तंभकार

**इतिहास में किसी प्रधानमंत्री द्वारा पहला ऐसा उद्बोधन था जिसमें भारत को विश्व का एक महान आदर्श और समृद्धि राष्ट्र बनाने की दृष्टि से समय सीमा के अंदर योजनाओं, टास्क फोर्स, मिशनों की घोषणा थी तो हर क्षेत्र, उम्र, श्रेणी, पेशे, विधा, कार्य करने वालों का आह्वान भी था। नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं अपने इंजीनियरों, वैज्ञानिकों, उद्यमियों सबसे कहता हूं कि संकल्प लीजिए, आप जो करना चाहते हैं करिए, हमें बताइए कि आपके लिए क्या करना है, मैं बिल्कुल आपके लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म टास्क फोर्स गठित करने की घोषणा की जो वैश्विक परिवर्तनों के अनुसार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए समय सीमा के अंदर काम पूरा करेगा।**

'परिश्रम में जो तप है उसने ही तो इतिहास रचा है, जिसने फौलादी चट्टानों को तोड़ा है उसने ही समय को मोड़ा है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से स्वतंत्रता दिवस का अपना उद्बोधन समाप्त करते हुए ये पंक्तियां बोली। इसके बाद उन्होंने कहा कि समय को मोड़ देने का भी यही समय है, सही समय है। स्पष्ट है कि वे देशवासियों, विश्व में फैले भारतवंशियों को एक समग्र शक्तिशाली आत्मनिर्भर विकसित देश के रूप में भारत को बदलने के लिए उत्प्रेरित करना चाहते थे। हालांकि ज्यादा चर्चा घुसपैठ को समाप्त कर बदलती डेमोग्राफी को रोकने के लिए उच्च शक्ति प्राप्त डेमोग्राफी मिशन की घोषणा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर दी गई शुभकामना की हुई। यह सच्चाई है कि कठिनाई से प्राप्त हमारी स्वतंत्रता को सीधे धक्का पहुंचाने वाले योजनापूर्वक हो रहे घुसपैठ को समाप्त करना अपरिहार्य है।

पहली बार एक राष्ट्र स्तरीय शक्तिशाली इकाई यह भूमिका निभायेगी। संघ के शताब्दी वर्ष की चर्चा उन्होंने की क्योंकि 100 वर्षों तक बिना प्रचार व स्वार्थ के लाखों स्वयंसेवकों, कार्यकर्ताओं को केवल देश के लिए जीने-मरने के लिए तैयार करना, उसी अनुरूप संगठन तथा अप्रतिम अनुशासन के साथ काम करते रहना विश्व इतिहास में अनूठा है। उन्होंने आरंभ में कहा भी कि हम विकसित भारत के लिए अपने आपको खपा देंगे, नये अवसरों का निर्माण करेंगे और निर्मित करने के बाद भी 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से आगे बढ़ते ही रहेंगे, बढ़ते ही रहेंगे, बढ़ते ही रहेंगे। इसके साथ उन्होंने क्षेत्रीय भाषाओं सहित अन्य विविधताओं को ताकत बताते हुए विरासतों को भी संरक्षित करने की सरकार के पूर्व कदमों तथा भविष्य की तैयारी का भी विवरण दिया।

## नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म टास्क फोर्स

इतिहास में किसी प्रधानमंत्री द्वारा पहला ऐसा उद्बोधन था जिसमें भारत को विश्व का एक महान आदर्श और समृद्धि राष्ट्र बनाने की दृष्टि से समय सीमा के अंदर योजनाओं, टास्क फोर्स, मिशनों की घोषणा थी तो हर क्षेत्र, उम्र, श्रेणी, पेशे, विधा, कार्य करने वालों का आह्वान भी था।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं अपने इंजीनियरों, वैज्ञानिकों, उद्यमियों सबसे कहता हूं कि संकल्प लीजिए, आप जो करना चाहते हैं करिए, हमें बताइए कि आपके लिए क्या करना है, हम बिल्कुल आपके लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म टास्क फोर्स गठित करने की घोषणा की जो वैश्विक परिवर्तनों के अनुसार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए समय सीमा के अंदर काम पूरा करेगा। उन्होंने सुधारों को परिभाषित करते हुए कहा कि यह एक निरंतर प्रक्रिया है तथा सही सुधार हो गए तो नियमों और अर्हताओं के पालन की व्यवस्थाएं कम हो जाएंगी और विकास को ताकत मिलती है। यानी कुल मिलाकर उन्होंने भारत और विश्व समुदाय को सीधा संदेश दिया कि पूर्व की योजनाओं से भारत सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, तकनीकी, वैज्ञानिक, रक्षा - सुरक्षा जैसे हर क्षेत्र में मुकाम पर पहुंचा है, वैसे ही भविष्य में उत्पन्न होने वाली चुनौतियों, अवरोधों और संभावनाओं का आकलन तथा उसके अनुरूप व्यवहारिक कार्ययोजनाएं हैं।

## अब तक के भाषणों में निरंतरता रही

प्रधानमंत्री बनने के बाद 2014 के अपने पहले स्वतंत्रता दिवस भाषण से लेकर इस वर्ष के 12वें भाषणों तक निरंतरता रही है। स्वतंत्रता दिवस पर आजादी के संघर्ष और उसके उपरांत भारत के निर्माण में योगदान देने वाले महापुरुषों को याद कर आम भारतीय को राष्ट्र की दृष्टि से सोचने व काम करने को प्रेरित करना, सामूहिक सामर्थ्य के प्रति विश्वास जागृत करना तथा भविष्य की योजनाओं की ओर आकर्षित कर संपूर्ण देश को राष्ट्र निर्माण की दृष्टि से खड़ा करना रहा है।

इस बार लगभग 1 घंटे 40 मिनट के अब तक के सबसे लंबे उद्बोधन में जितना व्यापक स्तर पर देश को विश्व का समृद्धतम, शक्तिशाली, शिक्षित, सुसंस्कृत तथा वैश्विक कल्याण की दृष्टि से भूमिका निभाने वाले राष्ट्र के रूप में समय सीमा में खड़ा कर देने की जैसी कार्ययोजनाएं थी, वैसा पहले नहीं देखा गया। मुझे एक व्यक्ति नहीं मिला जिसने कहा हो कि लंबे भाषण के कारण मैं उब गया था। प्रधानमंत्री का हाव-भाव, बोलने का तरीका, विषय-वस्तु ऐसे थे कि आगे क्या बोलेंगे, इसकी प्रतीक्षा रहती थी।

भले भाजपा, संघ, प्रधानमंत्री मोदी आदि से विरोध और घृणा के कारण कोई कुछ कहे, अंदर यही भाव होगा कि इतनी गहराई से सोचने, योजना बनाने, उस पर काम करने की व्यावहारिक दृष्टि रखने वाला प्रधानमंत्री लाल किले पर खड़ा था। 3 करोड़ लक्ष्य में 2 करोड़ लखपति दीदी तैयार होने, महिलाओं में उद्यमिता बढ़ाने के कारण ड्रोन दीदी की संख्या बढ़ाने, मुद्रा योजना के कारण समाज के वंचित, गरीब, युवक-युवतियों, महिलाओं की सफलताओं की कहानी बताने का उद्देश्य क्या हो सकता है, यह समझा जा सकता है।

## विकसित भारत रोजगार योजना

युवाओं के लिए 1 लाख करोड़ रुपये की आरंभिक राशि के साथ विकसित भारत रोजगार योजना की घोषणा महत्वपूर्ण है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा व्यापार शुल्क बढ़ाए जाने के विरुद्ध बने वातावरण में अनेक विश्लेषक कल्पना करने लगे थे कि प्रधानमंत्री उस पर कुछ बोलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेशन, उनके चरित्र को समझने वाले जानते थे कि वह ऐसा नहीं करेंगे। उन्होंने बढ़ते आर्थिक स्वार्थ वाली दुनिया बताते हुए कहा कि किसी की लकीर को छोटा करने की बजाय अपनी लकीर बड़ी करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अपने किसानों और पशुपालकों के हित के रास्ते आने वाली कठिनाइयों के सामने मैं दीवार बनकर खड़ा हूं। यानी कृषि और डेयरी का क्षेत्र विदेशी व्यापार के लिए नहीं खोला जाएगा। उन्होंने आत्मनिर्भरता और सामर्थ्य को एक-दूसरे से जोड़ा और बताया कि सामर्थ्य आत्मनिर्भरता से पैदा होती है और आत्मनिर्भरता हम सामर्थ्य से प्राप्त कर सकते हैं। तकनीक से लेकर ऊर्जा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रक्षा, आंतरिक सुरक्षा, क्रिटिकल खनिज सभी क्षेत्र के लिए आत्मनिर्भरता की रूपरेखा और योजनाएं दीं। उन्होंने आह्वान किया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हमारा अपना हो, फार्मास्युटिकल्स यानी दवा के क्षेत्र में हम ऐसे नवाचार करें कि दवाइयां विश्व के कल्याण में काम आये तथा हम रक्षा में जेट इंजन भी अपना बनाएं।

## 'मेड इन इंडिया' सेमीकंडक्टर की जानकारी

यह जानकारी भी रोमांचित करने वाली थी कि सेमीकंडक्टर में देश मिशन मोड में काम कर रहा है और शीघ्र ही मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर बाजार में आ जाएगा। अक्षय ऊर्जा की दृष्टि से सौर ऊर्जा में 30 गुना बड़े संयंत्रों के निर्माण, मिशन ग्रीन हाइड्रोजन में भारी निवेश, 10 नए न्यूक्लियर रिएक्टर पर तीव्रता से काम होने के साथ 2047 तक इसकी क्षमता 10 गुणा बढ़ाने की योजना रखी तो सुधार का बड़ा कदम उठाते हुए न्यूक्लियर ऊर्जा के लिए निजी क्षेत्र के निवेश का रास्ता खोला। समुद्र में गैस व तेल भंडार खोजने की दृष्टि से नेशनल डीप वॉटर एक्सप्लोरेशन मिशन की घोषणा हुई तो नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन भी शुरू हुआ।

अन्तरिक्ष क्षेत्र में अपने बलबूते आत्मनिर्भरता और विश्व कल्याण की तैयारी की घोषणा करते हुए कहा कि आज सुधारों के कारण 300 से ज्यादा स्टार्टअप हैं और हजारों नौजवान काम में लगे हैं। इनकी बदौलत हम अपना स्टेशन बनाने की तैयारी कर रहे हैं तो स्वदेशी गगनयान लांच होने वाला है। वास्तव में जीवन के हर क्षेत्र में आधुनिक इकोसिस्टम तैयार करने की ओर अग्रसर देश ने योजनाओं पर काम किया तो हम आत्मनिर्भर बनकर ही रहेंगे। सुरक्षा की दृष्टि से सबसे महत्वाकांक्षी घोषणा शिक्षालयों, अस्पतालों, आस्था केंद्रों जैसे नागरिक ठिकानों को संपूर्ण सुरक्षा कवच प्रदान करने वाले सुदर्शन चक्र हैं। विश्व के प्रमुख देशों को भी इस घोषणा की कल्पना नहीं रही होगी। युद्ध के नियम के विपरीत हम देख रहे हैं कि अब इस तरह के ठिकाने पर हमले आम हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी हमारे आस्था केंद्रों और ऐसे स्थानों पर हमले की कोशिश हुई लेकिन हमारे सुरक्षा कवच ने उनको ध्वस्त कर दिया।

## संपूर्ण राष्ट्रीय सुरक्षा कवच बनाने का ऐलान

आने वाले समय में कैसे युद्ध हो सकते हैं किस तरह के आक्रमण होंगे, इन सबका आकलन करते हुए 10 वर्षों यानी 2035 तक संपूर्ण राष्ट्रीय सुरक्षा कवच निर्मित कर देने का ऐलान अभूतपूर्व था। इसके लिए सुदर्शन चक्र मिशन लॉन्च हो गया । यह ऐसी शक्तिशाली हथियार प्रणाली होगी जो दुश्मन के हमले को न केवल न्यूट्रलाइज करेगा बल्कि कई गुना ज्यादा ताकत से दुश्मन को हिटबैक करेगा। इसके लिए मूलभूत सारी व्यवस्थाएं यानी 10 सालों के अंदर एक आधुनिक प्रणाली, जिसमें अनुसंधान विकास और निर्माण शामिल होंगे, खड़ी होगी।

## विश्व पर निर्भर नहीं रहेगा भारत

भारत दुनिया का ऐसा करने वाला अकेला देश होगा क्योंकि अमेरिका ने गोल्डन डोम की घोषणा की जो पूरी नहीं हुई, इजरायल ने अवश्य आयरन डोम बनाया है लेकिन इस बार युद्ध में कई जगह वह भी असफल होते हुए दिखा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आत्मनिर्भरता ने ही हमें पाकिस्तान के जवाबी हमले से बचाया, अन्यथा जिस 100 किलोमीटर तक सीमा में घुसकर आतंकवादी अड्डों और उनसे जुड़े 100 से ज्यादा लोगों को खत्म किए जाने के बाद पाकिस्तान बड़ी प्रतिशोधात्मक करवाई करने की तैयारी कर चुका था। तो कुल मिलाकर देश के अंदर और बाहर संदेश गया है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत किसी देश के दबाव के विरुद्ध लड़ने की जगह स्वयं को हर दृष्टि से इतना सक्षम, सामर्थ्यवान और संवेदनशील भी बनाएगा कि उसकी किसी चीज के लिए विश्व पर निर्भरता नहीं रहेगी। 2047 तक विकसित भारत होते हुए भी यह एक संकीर्ण स्वार्थों वाला राष्ट्र नहीं होगा बल्कि मानवीयता से परिपूर्ण विश्व समुदाय के कल्याण की दृष्टि से सदा सक्रिय रहेगा।

# प्रगतिशील भारत की बुलंद तस्वीर



विवेचना
राज कुमार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक

लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले नरेंद्र मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर भी दो कीर्तिमान बना दिए। 12वीं बार ऐतिहासिक लाल किले से देश को संबोधित कर उन्होंने इंदिरा गांधी के 11 बार के कीर्तिमान को भंग कर दिया। बेशक सबसे ज्यादा लगातार 17 बार लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करने का कीर्तिमान अभी भी जवाहर लाल नेहरू के नाम है। मोदी ने इस बार अपना भी एक कीर्तिमान तोड़ा। पिछले साल उन्होंने लाल किले से 98 मिनट का भाषण दिया था, लेकिन इस बार वह 103 मिनट बोले। बेशक राजनीतिक गलियारों में ज्यादा शोर मोदी द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल के सफर की प्रशंसा पर ही मचेगा, पर ऑपरेशन सिंदूर और ट्रंप टैरिफ के साये में दिये अपने भाषण में उन्होंने राष्ट्रीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय तक तमाम मुद्दों को छुआ। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि आज भी आत्मनिर्भरता ही किसी भी देश के आत्मसम्मान का पैमाना है। दरअसल मोदी के इस कथन को आजाद भारत के सफर के साथ ही आंतरिक एवं बाह्य चुनौतियों के संदर्भ में भी समझने की कोशिश करनी चाहिए। नहीं भूलना चाहिए कि कभी सोने की चिड़िया माना गया भारत 1947 में मिली आजादी के समय किस हाल में था। भारत को सपेरों और बैलगाड़ियों का देश बताते हुए अंग्रेजों ने उसके स्वतंत्रता पश्चात भविष्य पर ही संदेह जताया था, पर 78 साल बाद उसकी बुलंद तस्वीर दुनिया भर के लिए एक प्रेरक मिसाल है।

## जीवट से बदली तस्वीर

जाहिर है, दर्जनों रियासतों में बिखरे और सैकड़ों साल गुलामी की जंजीरों में जकड़े रहे भारत के लिए 1947 में आजादी के बाद का सफर आसान नहीं रहा। इसलिए आज का भारत, भारतीयों के जीवट का प्रमाण भी है। विभाजन की विभीषिका के साथ मिली आजादी में विकास संबंधी तमाम चुनौतियां निहित थीं। भारत से मिली आर्थिक मदद से आकार लेने वाले पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठ से अपने नापाक मंसूबों का संकेत भी तभी दे दिया था। 1962 में चीन और फिर 1965 में पाकिस्तान से युद्ध ने नव स्वतंत्र भारत की चुनौतियां और बढ़ा दीं, लेकिन देश ने एक के बाद एक आपदाओं में ही अवसर तलाशने का जीवट दिखाया। एक समय था, जब प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को देशवासियों से सप्ताह में एक दिन उपवास की अपील करनी पड़ी, ताकि सरहद पर लड़ रहे सैनिकों को दोनों वक्त भोजन मिल सके। अमेरिका अपने नागरिकों के न खाने योग्य गेहूं ही भारत भेजता था, लेकिन हरित क्रांति ने हमें खाद्यान्न का निर्यातक बना दिया। हां, उस संकल्प को अपनी कड़ी मेहनत से साकार करने वाले अन्नदाता किसानों की दशा न सुधर पाना असहज सवाल खड़े करता है। नीति-नियंताओं को समझना होगा कि किसानों के बदहाल रहते संपूर्ण भारत की खुशहाली का सपना अधूरा ही रहेगा।

## अंतरिक्ष विज्ञान में ऊंची छलांग

आजादी के समय भारत की तस्वीर गरीब, अशिक्षित और बदहाल देश की थी। फिर भी मजबूत अर्थव्यवस्था और सैन्य शक्ति के साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान में भी ऊंची छलांग उसी भारत



की बुलंद तस्वीर पेश कर रही है। 1991 में हमारी अर्थव्यवस्था गहरे संकट में थी, सोना तक गिरवी रखना पड़ा था, लेकिन अब हम विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यस्था बनने के बाद वर्षांत तक चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर हैं। 1971 में अमेरिका द्वारा पाकिस्तान की मदद के लिए अपना जंगी जहाज भेजने की धमकी के बावजूद भारत ने न सिर्फ पृथक बांग्लादेश बनवाया, बल्कि 1974 में परमाणु परीक्षण कर अपने पराक्रम का परिचय भी दे दिया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्य देशों के अलावा परमाणु क्षमता का परिचय देने वाला भारत पहला देश बना। भारत आज दुनिया के कई देशों को रक्षा उपकरण निर्यात भी करता है। अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट 19 अप्रैल, 1975 को अंतरिक्ष में भेजने वाला भारत आज कई दूसरे देशों के उपग्रह भी लांच करता है। कड़वा सच यह भी है कि रूस को अपवाद मान लें तो हमें रिश्तों में अकसर विश्वासघात ही मिला है। हमने हिंदी-चीनी, भाई-भाई का नारा दिया, पर बदले में हमें चीनी आक्रमण मिला। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी दोस्ती का पैगाम लेकर बस से लाहौर गये, पर पाकिस्तानी सेना ने कारगिल में घुसपैठ कर दी। 1991 के बाद अमेरिका से बेहतर संबंधों की कवायद में रूस से बढ़ती दूरियों की कूटनीतिक समझदारी का सही आकलन तो आने वाला समय ही करेगा, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा राष्ट्रपतिकाल भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय ही नहीं, आंतरिक चुनौतियां भी बढ़ाता दिख रहा है। 1991 के आसपास आर्थिक उदारीकरण के नाम पर वैश्विक बाजार की वकालत करते हुए डब्ल्यूटीओ आदि संस्थाओं के जरिये तमाम देशों पर अर्थव्यवस्था के खिड़की-दरवाजे खोलने के लिए दबाव बनाने वाला अमेरिका ही अब घरेलू उद्योगों के संरक्षण के नाम पर उस पूरी प्रक्रिया को उलटने पर आमादा है। बदलते वैश्विक समीकरणों में भारत अब उसी चीन की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाता दिख रहा है जिसने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की हर तरह से खुलकर मदद की थी। 1962 के युद्ध से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक चीन का चरित्र विश्वासघाती ही रहा है। विदेश नीति की सीमाएं उजागर करने वाली यह स्थिति कठिन परीक्षा की घड़ी भी है। बेशक रास्ता लंबा है, पर स्थायी हल दूरदर्शी नीतियों और आत्मनिर्भरता में ही है। प्रधानमंत्री ने भी स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण में उसी ओर इशारा किया है।

## मनभेद व चुनौतियां चिंताजनक

महज 78 साल की आजादी में भारत सरीखा विशाल आबादी वाला देश कमोवेश हर क्षेत्र में उपलब्धियों के इतने मुकाम हासिल कर पाया है तो उसका सबसे बड़ा शक्तिस्रोत हमारा सशक्त और जीवंत लोकतंत्र है। बढ़ती सामाजिक-आर्थिक विषमता हमसे कुछ अहसज सवाल पूछती है। हम विश्व की सबसे तेज रफ्तार से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। फिर 80 करोड़ से भी अधिक लोगों को हर महीने पांच किलो मुफ्त राशन क्यों देना पड़ रहा है? जनसंख्या नियंत्रण की चिंता छोड़ हम आबादी को संसाधन बताने लगे हैं तो बेरोजगारी सुरसा के मुंह की तरह क्यों बढ़ रही है? बेलगाम भ्रष्टाचार और महंगाई के मुद्दों पर हम अंतरराष्ट्रीय उदाहरणों की आड़ लेते क्यों नजर आते हैं? शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे संवदेनशील क्षेत्र भी मुनाफाखोर निजी क्षेत्र के हवाले क्यों हैं? देश को तमाम बीमारियों का केंद्र बनाने वाला लालच का मिलावटी कारोबार क्यों जारी है? 'वसुधैव कुटुंबकम' की सोच वाले देश में ही कुछ राज्यों में भाषा-संस्कृति के नाम पर विरोध की संकीर्ण राजनीति क्यों पनप रही है? 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य हासिल करने के लिए भी इस विभाजनकारी तथा देश हित पर दलीय हितों को प्राथमिकता देने वाली राजनीति से मुक्ति अनिवार्य शर्त है। बेशक मतभेद और असहमति लोकतंत्र के अनिवार्य तत्व हैं, लेकिन मनभेद और टकराव हमेशा उसे कमजोर ही करते हैं।

# समावेशी विकास से हासिल होगा लक्ष्य



संबोधन
रवि शंकर
वरिष्ठ पत्रकार

प्रधानमंत्री मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर 'आत्मनिर्भर भारत' को विकसित भारत के लिए आधार स्तंभ बताया। उन्होंने रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, अंतरिक्ष और विनिर्माण क्षेत्रों में भारत की प्रगति पर प्रकाश डाला। ऑपरेशन सिंदूर और स्वदेशी जेट इंजन विकास पर जोर देते हुए उन्होंने आत्मनिर्भरता को राष्ट्रीय शक्ति का आधार बताया। अपने संबोधन में उन्होंने 'विकसित भारत' के संकल्प से लेकर सीमा सुरक्षा, तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और देश के युवाओं के भविष्य तक, हर महत्वपूर्ण विषय पर सरकार का विजन और भविष्य का रोडमैप देश के सामने रखा। पीएम मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि अगले 25 साल भारत के लिए निर्णायक हैं। हमें एक पल भी नहीं गंवाना है और एक लक्ष्य लेकर चलना है- विकसित भारत। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति का जिक्र करते हुए इसे देश की बढ़ती ताकत का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया आज भारत को एक 'ब्राइट स्पॉट' के रूप में देख रही है।

बहरहाल, अगर हम आजादी के बाद से भारतीय आर्थिक विकास के कालक्रम पर नजर डालें, तो यह एक बिखरी हुई अर्थव्यवस्था से शुरू होता है, क्योंकि भारत को ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन द्वारा एक बेहद कमजोर अर्थव्यवस्था विरासत में मिली थी। लेकिन करीब आठ दशक का सफर तय करते हुए भारत ने आज वैश्विक स्तर पर एक महाशक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाई है। हमने जापान जैसे तकनीकी प्रधान और विकसित देश को भी सकल घरेलू उत्पाद के मामले में पीछे छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का गौरव हासिल किया है।

## विकासशील नीतियां, समग्र प्रयास

हमारी यह पहचान और मजबूती आजादी से लेकर अब तक की सरकारों के विकासशील नीतियों और समग्र प्रयासों से ही बन पाई हैं। इन प्रयासों ने घरेलू मांग में वृद्धि, औद्योगिक और सेवा क्षेत्र में विस्तार, मजबूत आर्थिक संरचनाओं और सतत आर्थिक सुधारों को सुनिश्चित किया। साल 1947 से भारत की आर्थिक यात्रा पर गौर करें तो एक कमजोर, बिखरी, कृषि-प्रधान, ऋणग्रस्त अर्थव्यवस्था से दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते और सबसे प्रभावशाली बाजारों में से एक बनने तक का सफर तय किया है।

## खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर

साल 1947 से 2025 तक भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि, सेवा और औद्योगिक क्षेत्रों की यात्रा बड़े परिवर्तन की गवाह रही है। स्वतंत्रता के समय 1950 में जीडीपी में कृषि का हिस्सा लगभग 51 फीसदी था, जो 2025 में घटकर 16-17 फीसदी पर आ गया। यह गिरावट कृषि उत्पादन में कमी के कारण नहीं, बल्कि सेवा और उद्योग के तेजी से बढ़ने के कारण हुई है। हरित क्रांति (1960-70) ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता दिलाई, लेकिन रोजगार और आय में वृद्धि सीमित रही। औद्योगिक क्षेत्र का योगदान 1950 के 13 फीसदी



से बढ़कर 2025 में लगभग 25-26 फीसदी हो गया। इसमें विनिर्माण, ऑटोमोबाइल, स्टील और फार्मास्युटिकल जैसे क्षेत्रों ने अहम भूमिका निभाई। सेवा क्षेत्र ने सबसे तेज वृद्धि दर्ज की 1950 में 30 फीसदी हिस्सेदारी से बढ़कर 2025 में 55-57 फीसदी तक, विशेषकर आईटी, वित्त, दूरसंचार, पर्यटन और स्वास्थ्य सेवाओं के चलते। साल 1991 के आर्थिक उदारीकरण, विदेशी निवेश और डिजिटल क्रांति ने सेवा और उद्योग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। आज भारत कृषि उत्पादन में विश्व के शीर्ष देशों में है। औद्योगिक उत्पादन विविध और वैश्विक स्तर का हो चुका है और सेवा क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बनकर देश की आर्थिक रीढ़ का काम कर रहा है। उदारीकरण के दौर के बाद भारत तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा है। आर्थिक, सैन्य एवं अंतरिक्ष क्षेत्र में इसने सफलता की बड़ी छलांग लगाई है। चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ी है। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है। सैन्य क्षेत्र में भारत एक महाशक्ति बनकर उभरा है। परमाणु हथियारों से संपन्न भारत के पास दुनिया की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना है। मिसाइल तकनीकी में दुनिया भारत का लोहा मान रही है। अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत ने नए-नए कीर्तमान गढ़े हैं। आईटी सेक्टर में देश अग्रणी बना हुआ है। इन उपलब्धियों ने देश को सुपरपावर बनने के दरवाजे पर लाकर खड़ा कर दिया है। फिर भी पांच ट्रिलियन इकोनॉमी वाले देश से भारत अब भी बहुत पीछे हैं। जबकि 2018 में भारत सरकार ने संकल्प लिया था कि 2025 तक वह पांच ट्रिलियन इकोनॉमी वाला देश बन जाएगा। हालांकि बीच में दो साल की महामारी ने भी बाधा डाली, लेकिन फिर भी पांच ट्रिलियन इकोनॉमी बनने का लंबे समय से इंतजार कर रहे लोग यह देखकर निराश हैं कि समय सीमा पूरी हो जाने के बाद भी यह लक्ष्य दूर है।

बहरहाल, एक महत्वाकांक्षी आर्थिक महाशक्ति के रूप में भारत अब एक दोराहे पर खड़ा है, जहां एक तरफ सवाल है कि क्या भारत को ऐसे आर्थिक मॉडल का अनुशरण करना चाहिए जो आर्थिक विकास का लाभ सभी वर्गों, क्षेत्रों और समुदायों तक पहुंचाने पर बल देता हो, जिसमें रोजगार सृजन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा और सामाजिक न्याय शामिल हैं। या दूसरी तरफ क्षेत्र विशेष आधारित विभाजित भविष्य का जोखिम उठाए जो भारत को एक विश्व पटल पर विशेषज्ञता की पहचान तो दिलाएगा साथ ही आय में असमानता, सामाजिक असंतोष और क्षेत्रीय असंतुलन भी पैदा कर सकता है। इससे आर्थिक और सामाजिक स्थिरता पर नकारात्मक असर पड़ेगा और भारत की वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की क्षमता कमजोर होगी। अगर हमें वाकई वैश्विक परिदृश्य में महाशक्ति के रूप में स्वयं को स्थापित करना है तो हमे आर्थिक प्रगति के संतुलित और समावेशित ढांचे को अपनाना और निष्पादित करना होगा ताकि इससे हमारी अर्थव्यवस्था आतंरिक और बाह्य रूप से मजबूत हो सके। भारत ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का जो सपना देखा है उसका साकार होना इसी संतुलित सतत और समावेशी विकास क्रम पर निर्भर करेगा। यह ठीक है कि करीब आठ दशक की इस विकास यात्रा में कई नए कीर्तिमान बने हैं। आज भारत की पहचान एक सशक्त राष्ट्र के रूप में है। यह अनायास नहीं है।

## परिपक्व देश के रूप में पहचान

दुनिया आज भारत की तरफ देख रही है। बीते 79 सालों में अपनी अंदरूनी समस्याओं, चुनौतियों के बीच देश ने ऐसा कुछ जरूर हासिल किया है, जिसकी तरफ दुनिया आकर्षित हो रही है। जाहिर है कि आज भारत के पास दुनिया को देने के लिए बहुत कुछ है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के रूप में भारत ने परिपक्व देश के रूप में अपनी पहचान बनाई है। यह भारत की जीत है।

# एशिया कप 2025: टी-20 में कौन है सबसे आगे? गिल, जायसवाल, संजू और अभिषेक के बीच कड़ी टक्कर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशिया कप 2025 में कुल 8 टीमें खेलती हुई नजर आएंगी और इस बार इस टूर्नामेंट को यूएई की धरती पर आयोजित किया जाएगा। इसके लिए सभी टीमों ने कमर कस ली है और अब ऐसा माना जा रहा है कि अगले हफ्ते एशिया कप के लिए भारतीय टीम के स्क्वाड का ऐलान हो सकता है।

इसमें मौजूदा टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी जगह बनाने के दावेदार हैं। इन दोनों प्लेयर्स ने इंग्लैंड दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया था। दूसरी तरफ भारतीय टी20 टीम में पहले से ही ओपनिंग की जिम्मेदारी संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा के पास है। ऐसे में आइए जानते हैं, इन चारों बल्लेबाजों में किसने टी20I क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं।



### अभिषेक शर्मा

अभिषेक शर्मा बहुत ही तेजी के साथ रन बनाने के लिए जाने जाते हैं। एक बार वह क्रीज पर जम गए, तो उनके बल्ले से बड़ी पारी आना तय है। उन्होंने भारतीय टीम के लिए टी20I क्रिकेट में साल 2024 में डेब्यू किया था। इसके बाद से ही वह भारतीय टीम की अहम कड़ी बने हुए हैं। उन्होंने अभी तक 17 T20I क्रिकेट में कुल 535 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। अभिषेक टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले प्लेयर हैं। उन्होंने साल 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ T20I मैच में 135 रनों की पारी खेली थी।

### संजू सैमसन

संजू सैमसन पिछले कुछ समय से भारतीय टी20 टीम के परमानेंट मेंबर बने हुए हैं और विकेटकीपर की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। उन्होंने अपने खेल से सभी को प्रभावित किया है। संजू ने भारतीय टीम के लिए T20I क्रिकेट में साल 2015 में डेब्यू किया था। लेकिन इसके बाद वह खराब फॉर्म की वजह से टीम से अंदर-बाहर होते रहे। फिर जब से सूर्यकुमार यादव कप्तान बने हैं। उनकी तो लॉटरी ही लग गई और उन्हें ओपनिंग करने के लिए भेजा गया। इसके बाद उनके बल्ले से लगातार रन निकल रहे हैं। उन्होंने अभी तक 42 टी20I मुकाबलों में कुल 861 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और दो अर्धशतक शामिल रहे हैं।





### यशस्वी जायसवाल

यशस्वी जायसवाल ने भारतीय टीम के लिए टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में साल 2023 में डेब्यू किया था और इसके बाद से ही उन्होंने 23 मैचों में कुल 723 रन बनाए, जिसमें एक शतक और पांच अर्धशतक शामिल रहे हैं। वह एशियन गेम्स 2023 में गोल्ड जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं।

### शुभमन गिल

शुभमन गिल ने भारतीय टीम के लिए टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में साल 2023 में डेब्यू किया था और इसके बाद से ही उन्होंने 21 टी20I मैचों में कुल 578 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे हैं। लेकिन उन्होंने अपना आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच साल 2024 में खेला था।



### चारों बल्लेबाजों में संजू ने बनाए सबसे ज्यादा रन

शुभमन गिल (578 रन), यशस्वी जायसवाल (723 रन), संजू सैमसन (861 रन) और अभिषेक शर्मा (535 रन) चारों बल्लेबाजों में टी20I क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन संजू ने बनाए हैं। उनके नाम पर 861 रन दर्ज हैं। जबकि चारों में T20I में सबसे ज्यादा 3 शतक भी संजू ने ही लगाए हैं।


## खबर संक्षेप



### एनएसडब्ल्यू बेगा ओपन फाइनल में अनाहत

**बेगा (आस्ट्रेलिया)।** भारत की युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने मिस्र की नूर काफागी को कड़े मुकाबले में हराकर एनएसडब्ल्यू बेगा ओपन 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। एशियाई खेलों की दोहरी कांस्य पदक विजेता 17 वर्ष की अनाहत ने सेमीफाइनल में 3-2 से जीत दर्ज की। पीएसए कूपर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय अनाहत का सामना अब मिस्र की हबीबा रानी से होगा, जिन्होंने पांचवीं वरीयता प्राप्त भारत की आकांक्षा सालुंके को 3-1 से हराया। अनाहत को मैच के दौरान चोट भी लगी लेकिन वह खेलती रही। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की हेली वार्ड को 3-0 से हराया था।

### 'इंटरनेशनल यूथ गाला' में चुनौती पेश करेंगे भारतीय मुक्केबाज



**नई दिल्ली।** भारत का 40 खिलाड़ियों सहित 59 सदस्यीय दल चीन के झिंजियांग प्रांत के उरुमकी में 17 से 30 अगस्त तक चलने वाले तीसरे ' बेल्ट एवं रोड ' ' इंटरनेशनल यूथ गाला ' मुक्केबाजी प्रशिक्षण शिविर एवं टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेगा। भारतीय दल में 20 लड़कों और 20 लड़कियों के अलावा 12 कोच , छह सहायक कर्मचारियों और एक रेफरी शामिल हैं। यह दल चीन पहुंच चुका है। चीन मुक्केबाजी महासंघ और झिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र सरकार की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता की शुरुआत 17 से 25 अगस्त तक उरुमकी में एक प्रशिक्षण शिविर से होगी। इसके बाद 26 से 29 अगस्त तक उरुमकी और यिली में प्रतियोगिता चरण आयोजित होंगे। भारत की ओर से इस आयोजन में सिर्फ अंडर -17 लड़के और लड़कियां ही भाग ले रहे हैं।

### आस्ट्रेलिया क्रिकेट जगत में शोक, पूर्व कप्तान सिम्पसन का निधन



**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर, कप्तान और कोच और आस्ट्रेलियाई क्रिकेट की सबसे प्रभावी हस्तियों में से एक बॉब सिम्पसन का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने सिम्पसन के निधन की पुष्टि की। सिम्पसन ने आस्ट्रेलिया के लिए 1957 से 1978 के बीच 62 टेस्ट और दो वनडे खेले थे। उन्होंने 4869 टेस्ट रन बनाए, जिसमें दस शतक और 27 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा 71 विकेट भी लिए और 39 टेस्ट में कप्तानी की। उन्होंने 16 वर्ष की उम्र में न्यू साउथ वेल्स के लिए विक्टोरिया के खिलाफ प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया था।

## आस्ट्रेलिया ने टी-20 सीरीज 2-1 से अपने नाम की

# बेबी एबी ने 4 गेंदों पर लगाए लगातार 4 छक्के, 22 बॉल में पूरा किया अर्धशतक

एजेंसी ▶▶| केर्न्स

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में साउथ अफ्रीका के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस यानी बेबी एबी का तूफान मैदान पर देखने को मिला। डेवाल्ड ब्रेविस ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में अपना अर्धशतक सिर्फ 22 गेंदों पर ही पूरा किया। ब्रेविस ने अपना अर्धशतक लगातार 4 गेंदों पर चार छक्के लगाते हुए पूरा किया। उन्होंने 10वें ओवर में ये कमाल किया और इस ओवर को फेंकने के लिए आरोन हार्डी आए थे। ब्रेविस ने इस ओवर की तीसरी, चौथी, पांचवीं और छठी गेंद पर लगातार 4 छक्के लगाए। हार्डी के इस ओवर में कुल 27 रन भी बने। हालांकि इसके बाद वो ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक पाए, लेकिन उन्होंने 26 गेंदों पर 6 छक्के और एक चौके की मदद से 53 रन की पारी खेली डाली। उनका स्ट्राइक रेट इस पारी के दौरान 203.85 का रहा।

### ब्रेविस ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 203 के स्ट्राइक रेट से ठोक 53 रन

### ब्रेविस ने अपने ही रिकॉर्ड को सुधारा

ब्रेविस ने इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और अपने ही रिकॉर्ड को सुधारा। ब्रेविस ने इससे पहले यानी कंगारू टीम के खिलाफ इस टी20 सीरीज के दूसरे मैच में 25 गेंदों पर अर्धशतक लगाया था और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साउथ अफ्रीका के लिए टी20 प्रारुप में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बैटर बने थे। 22 साल के ब्रेविस ने कंगारू टीम के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में नाबाद 125 रन की पारी खेली थी।



### आस्ट्रेलिया ने जीती सीरीज

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में बल्ले से दमदार प्रदर्शन किया, जिसकी मदद से कंगारूओं ने दो विकेट से जीत दर्ज की। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टी20 सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 172 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने एक गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 173 रन बनाकर मैच तथा सीरीज अपने नाम कर ली।

### ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले विदेशी खिलाड़ी

| | |
|---|---|
| डेवाल्ड ब्रेविस | - 14 छक्के |
| विराट कोहली | - 13 छक्के |
| शिखर धवन | - 9 छक्के |
| आंद्रे रसेल | - 9 छक्के |

### ब्रेविस चार छक्के लगाने वाले बने पहले खिलाड़ी

तीन मैचों की इस टी20 सीरीज में डेवाल्ड ब्रेविस के बल्ले का कमाल देखने को मिला। ब्रेविस ने तीसरे मैच में अपनी बल्लेबाजी के दौरान पारी के 10वें ओवर में जो अरोन हार्डी ने फेंका था उसमें लगातार चार छक्के लगाने के साथ अपनी फिफ्टी भी पूरी की। इसी के साथ डेवाल्ड ब्रेविस अब टी20 इंटरनेशनल में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किसी मुकाबले में चार गेंदों में लगातार चार छक्के लगाने में कामयाब हुए हैं। इस सीरीज में ब्रेविस के बल्ले से कुल 14 छक्के देखने को मिले।

### मैक्सवेल ने की वॉर्नर की बराबरी

साउथ अफ्रीका के खिलाफ केन्र्स में तीसरे टी20 मैच के दौरान ग्लेन मैक्सवेल ने डेविड वॉर्नर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मैक्सवेल टी20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा आउटफील्ड कैच लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई बन गए हैं। ग्लेन मैक्सवेल ने यह कारनामा साउथ अफ्रीकी पारी के 12वें ओवर में किया। नाथन एलिस पारी का 12वां ओवर फेंक रहे थे। चौथी गेंद पर ब्रेविस ने हवाई शॉट खेला और गेंद मैक्सवेल ने लपक ली। यह ऑस्ट्रेलिया की ओर से ग्लेन मैक्सवेल का टी20 फॉर्मेट में 62वां आउटफील्ड कैच था। इस मामले में उन्होंने डेविड वॉर्नर की बराबरी कर ली, जिन्होंने 110 टी20 मुकाबलों में इतने ही कैच लपके थे। इस मामले में आरोन फिंच दूसरे पायदान पर मौजूद हैं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया की ओर से खेलते हुए 50 आउटफील्ड कैच लिए, जबकि स्टीव स्मिथ 41 कैच के साथ लिस्ट में तीसरे स्थान पर मौजूद हैं।

## सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज

# गुकेश का सफर समाप्त आरोनियन ने जीता खिताब



एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

विश्व चैंपियन ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज में संयुक्त छठे स्थान पर रहे जबकि अमेरिका के लेवोन आरोनियन ने खिताब जीता। गुकेश ने आखिरी दिन वापसी की उम्मीद जताई और पहले चार गेम में 3.5 अंक बनाए । पहला गेम आरोनियन से ड्रॉ खेलने के बाद उन्होंने अमेरिका के शैंकलैंड, वेसली सो और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया लेकिन फिर लय कायम नहीं रख सके । आखिरी पांच गेम में उन्होंने तीन ड्रॉ खेले और दो गंवाए, जिससे कुल 18 अंक लेकर अपने अभियान का समापन किया। आरोनियन ने दो राउंड बाकी रहते ही 24 . 5 अंक लेकर खिताब अपने नाम कर लिया।

■ गुकेश ने अमेरिका के शैंकलैंड, वेसली सो और नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया

### कारुआना 21.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर



अमेरिका के फेबियानो कारुआना 21.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे जबकि फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव तीसरे स्थान पर रहे। अब्दुसत्तोरोव 20.5 अंक के साथ चौथे और वेसली सो पांचवें स्थान पर रहे। गुकेश और वियतनाम के लियेम ली कुआंग उनसे पीछे रहे। आरोनियन को जीत के साथ 40 हजार डॉलर मिले। गुकेश अब सिनक्यूफील्ड कप खेलेंगे, जो दो दिन बाद शुरू होगा, जिसमें आर. प्रज्ञानानंदा भी हिस्सा लेंगे।

## गोल्फ

# भाटिया, अहलावत और अदिति का शानदार प्रदर्शन जारी



### बीएमडब्ल्यू चैंपियनशिप भाटिया संयुक्त 37वें स्थान पर

ओविंग्स मिल्स (अमेरिका)। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने टूर चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने की ओर कदम बढ़ा दिया और वह बीएमडब्ल्यू चैंपियनशिप में संयुक्त 46वें से संयुक्त 37वें स्थान पर आ गए हैं। भाटिया का कुल स्कोर चार ओवर (75 और 69) है। टूर चैंपियनशिप के लिए शीर्ष 30 खिलाड़ी ही क्वालीफाई करते हैं। स्कॉटलैंड के रॉबर्ट मैकलिंटायर छह अंडर 64 और आठ अंडर 62 के स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं। उनसे पांच शॉट पीछे स्कॉटी शेफलर हैं।

### कोपेनहेगन गोल्फ अहलावत ने किया कट में प्रवेश

**कोपेनहेगन।** भारत के वीर अहलावत ने दूसरे दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए डीपी वर्ल्ड टूर की डेनिश गोल्फ चैंपियनशिप के कट में प्रवेश कर लिया। अहलावत एक अंडर (73 और 68) स्कोर के साथ संयुक्त 45वें स्थान पर हैं। वहीं शुभंकर शर्मा का खराब फॉर्म जारी रहा और वह कट में जगह नहीं बना सके। रास्मस होगार्ड ने दूसरे दौर में सात अंडर 64 और कुल 12 अंडर स्कोर करके एकल बढ़त बना ली है। वह डेनमार्क के मार्को पेंगे से दो शॉट आगे हैं।

### अदिति ने पोर्टलैंड में कट में किया प्रवेश



**पोर्टलैंड।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर पर स्टैंडर्ड पोर्टलैंड क्लासिक में दूसरे दौर में दो अंडर 70 के स्कोर के साथ कट में प्रवेश कर लिया। अदिति ने पांच बर्डी लगाये और तीन बोगी किए। वह अब संयुक्त 27वें स्थान पर है। भारतीय मूल की अमेरिकी गुरलीन कौर संयुक्त दूसरे स्थान पर है जबकि भारतीय मूल की कनाडा की गोल्फर सावन्नाह ग्रेवाल संयुक्त 11वें स्थान पर है। कोरिया की जियोंगियुन ली ने छह अंडर 67 के स्कोर के साथ बढ़त बना ली।

# डीपीएल: साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स जीता

**नई दिल्ली।** तेजस्वी दहिया के 30 गेंद में नाबाद 70 रन की मदद से साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग के वर्षाबाधित मैच में आउटर दिल्ली वारियर्स को तीन विकेट से हरा दिया। जीत के लिए 16 ओवर में 140 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरस्टार्स की शुरुआत खराब रही और शीर्षक्रम के तीन बल्लेबाज पहले पांच ओवर में आउट हो गए। दसवें ओवर में अनमोल शर्मा भी आउट हो गए, जिससे आखिरी छह ओवर में 70 रन का लक्ष्य रह गया। पांचवें नंबर पर उतरे तेजस्वी ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनगति को बढ़ाया। आखिरी दो गेंद में सात रन चाहिए थे तब उन्होंने पांचवीं गेंद पर छक्का लगाया और लगातार दूसरे छक्के के साथ टीम को जीत दिलाई। अपनी पारी में उन्होंने चार चौके और छह छक्के जड़े। सुमित कुमार बेनीवाल ने सात गेंद में 19 रन बनाए। आउटर दिल्ली वारियर्स के लिए आईपीएल खिलाड़ी सुयश शर्मा और अंशुमान हुड्डा ने दो-दो विकेट लिए।



# अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप अमेरिका ने किया क्वालीफाई

कनाडा, बरमूडा और अर्जेंटीना को हराकर वैश्विक प्रतियोगिता में जगह की पक्की

एजेंसी ▶▶| दुबई

विकेटकीपर-बल्लेबाज अर्जुन महेश की अगुवाई में अमेरिका की टीम अगले साल जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाले अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में जगह बनाने वाली 16वीं और अंतिम टीम बन गई।

टीम ने जॉर्जिया के राइडल में खेले गए डबल राउंड-रॉबिन क्वालीफायर में कनाडा, बरमूडा और अर्जेंटीना को हराकर एक मैच रहते इस वैश्विक प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की कर ली। अमेरिका ने कनाडा पर 65 रन की जीत के साथ शुरुआत की। इसके बाद उसने बरमूडा और अर्जेंटीना के खिलाफ बड़ी जीत हासिल की।अमेरिका के गेंदबाजों ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 'रिटर्न' चरण में बरमूडा और अर्जेंटीना को हराकर 10 अंक हासिल किए, जो विश्व कप में उनकी जगह पक्की करने के लिए काफी थे। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अमरिंदर सिंह गिल ने तीन पारियों में 199 रन बनाए जबकि अंश राय और साहिर भाटिया की स्पिन गेंदबाजी जोड़ी ने सात-सात विकेट लिए। अब अमेरिका की टीम अपना आखिरी मैच शनिवार को कनाडा के खिलाफ खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका में हुए 2024 चरण की शीर्ष 10 टीमों ने पूर्ण सदस्य मेजबान जिम्बाब्वे के साथ 2026 के टूर्नामेंट के लिए स्वतः ही क्वालीफाई कर लिया है। बची हुई पांच टीम क्षेत्रीय क्वालीफायर से तय हुईं। जिम्बाब्वे, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज ने स्वतः क्वालीफाई किया जबकि अमेरिका, तंजानिया, अफगानिस्तान, जापान और स्कॉटलैंड क्षेत्रीय क्वालीफाइंग प्रतियोगिता से तय हुईं।



## जोटा को खिलाड़ियों ने किया याद

# प्रीमियर लीग: लिवरपूल का जीत के साथ आगाज

एजेंसी ▶▶| लिवरपूल

गत चैंपियन लिवरपूल ने जज्बात से भरे मुकाबले में बूर्नमाउथ को 4-2 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल में जीत के साथ आगाज करके डियोगो जोटा को श्रृद्धांजलि दी जबकि इस मैच में एक खिलाड़ी नस्लीय टिप्पणी का भी शिकार हुआ। दो गोल की बढ़त गंवाने के बाद लिवरपूल के लिए 88वें मिनट में फेडरिको चिएसा और स्टॉपेज टाइम में मोहम्मद सालाह ने गोल दागे। इससे पहले हुगो एकिटिके और कोडी गाकपो ने लिवरपूल को 2-0 से बढ़त दिलाई थी।



### सेमेन्यो हुए नस्लीय टिप्पणी का शिकार

मैच 28वें मिनट में कुछ देर के लिए रुका जब बूर्नमाउथ के फॉरवर्ड अंतोइने सेमेन्यो ने रैफरी एंथोनी टेलर से शिकायत की कि एक दर्शक ने उन पर नस्लीय टिप्पणी की है। टीम के मैनेजर ने कहा कि टिप्पणी करने वाले को पहचान लिया गया है। घाना के 25 वर्ष के सेमेन्यो को उनके साथी खिलाड़ियों ने ढांढस बंधाया। सेमेन्यो ने 64वें और 76वें मिनट में गोल करके लिवरपूल की बढ़त उतार दी।

### जोटा को दी श्रृद्धांजलि

पिछले पांच साल में लिवरपूल के लोकप्रिय खिलाड़ियों में शुमार जोटा और उनके भाई आंद्रे सिल्वा की तीन जुलाई को एक कार हादसे में मौत के बाद टीम का यह पहला प्रतिस्पर्धी मैच था। मैच शुरू होने से पहले प्रशंसकों ने हाथ में पुर्तगाल के इन दोनों खिलाड़ियों के लिए 'डीजे20 ' और 'एएस 30' के प्लेकार्ड ले रखे थे। लिवरपूल के खिलाड़ियों ने मैदान पर घेरा बनाया जबकि दोनों टीमों के खिलाड़ियों और स्टाफ ने बांह पर काली पट्टी बांधी थी। आखिरी सीटी बजने के बाद सालाह अपने आंसू नहीं रोक सके। वह कोप स्टैंडके सामने खड़े रहे। उन्होंने मैच में अपने गोल के बाद जोटा की तरह जश्न भी मनाया।

### मेसी के भारत दौरे को मंजूरी

अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी के भारत दौरे को आखिरकार मंजूरी मिल गई है। वहीं मेसी का ये तीन दिवसीय दौरा 12 दिसंबर से शुरू होगा। कार्यक्रम के प्रमोटर सताद्रु दत्ता ने ये जानकारी दी। मेसी के दौरे जीओएटी टूर ऑफ इंडिया 2025 का पहला पड़ाव कोलकाता होगा, जिसके बाद वह अहमदाबा, मुंबई और दिल्ली जाएंगे। यात्रा का समापन 15 दिसंबर को पीएम मोदी से उनके आवास पर मुलाकात के साथ होगा। बता दें कि ये 2011 के बाद मेसी की पहली भारत यात्रा होगी। उस समय वह वेनेजुएला के खिलाफ यहां साल्ट लेक स्टेडियम में फीफा का मैत्री मैच खेलने आए थे। दत्ता ने कहा कि मुझे पुष्टि मिल गई है और उसके बाद ही मैंने इसकी घोषणा की। मेसी हर शहर में बच्चों के साथ मास्टरक्लास में भी भाग लेंगे। वह 12 दिसंबर को कोलकाता पहुंचेंगे और वहां दो दिन और एक रात रुकेंगे। वह 13 दिसंबर को मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# अब धरती की निगरानी के लिए तैयार जल्द देगा 'आपदाओं' की जानकारी

## खुल गई उपग्रह निसार की छतरी

निसार का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा इसका 12 मीटर व्यास का ड्रमनुमा रडार एंटीना रिफ्लेक्टर है। इसे लॉन्च के बाद सिकुड़ा हुआ रखा गया था। 9 अगस्त से 13 अगस्त तक इसे 9 मीटर के बूम पर धीरे-धीरे खोला गया। फिर 15 अगस्त को छोटे विस्फोटक बोल्ट फायर किए गए, जिससे यह 'ब्लूम' प्रक्रिया शुरू हुई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नासा और इसरो के संयुक्त धरती-निगरानी उपग्रह मिशन निसार ने एक बड़ा कीर्तिमान हासिल किया है। इस मिशन का विशाल रडार एंटीना रिफ्लेक्टर अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक खुल गया है, जिसकी पुष्टि नासा जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) ने की है। यह मील का पत्थर है, जो इसे धरती के बदलते सतह का सटीक अध्ययन करने के लिए तैयार करता है। नासा के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी के प्रोजेक्ट मैनेजर फिल बेरेला ने कहा कि यह नासा का अब तक का सबसे बड़ा एंटीना रिफ्लेक्टर है। इसे अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक खुलते देखना सालों की डिजाइन, टेस्टिंग और सहयोग का नतीजा है। यह एंटीना 64 किलोग्राम वजनी है। 123 कम्पोजिट स्ट्रट्स और सोने की परत वाली जाल से बना है।

सोने की परत वाली जाल से निर्मित

एंटीना 64 किलोग्राम वजनी

123 कंपोजिट स्ट्रट्स, सोने की परत वाला जाल




### 15 अगस्त को ब्लूम प्रक्रिया शुरू

निसार का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा इसका 12 मीटर व्यास का ड्रमनुमा रडार एंटीना रिफ्लेक्टर है। इसे लॉन्च के बाद सिकुड़ा हुआ रखा गया था। 9 अगस्त से 13 अगस्त तक इसे 9 मीटर के बूम पर धीरे-धीरे खोला गया। फिर 15 अगस्त को छोटे विस्फोटक बोल्ट फायर किए गए, जिससे यह 'ब्लूम' प्रक्रिया शुरू हुई। यह प्रक्रिया एक छाता खोलने जैसी है।

**निसार का उद्देश्य और फायदा**

*निसार धरती के कई पहलुओं पर नजर रखेगा। यह ग्लेशियर के हिलने और पिघलने की जानकारी देगा। भूकंप के फॉल्ट जोन और ज्वालामुखी के बदलाव मापेगा। जंगल, दलदल, वनस्पति, गीले इलाकों और पारिस्थितिकी में बदलाव दिखाएगा। प्राकृतिक आपदा जैसे बाढ़, भूस्खलन और ज्वालामुखी विस्फोट की चेतावनी देगा।*



### धरती की सतह के बदलावों को मापा जाएगा

*निसार में लगे एंटीना की मदद से धरती की सतह में होने वाले बदलावों को सेंटीमीटर तक माप सकता है, चाहे मौसम बादल भरा हो, अंधेरा हो या जंगल हों। इसमें दो रडार सिस्टम हैं। एल-बैंड रडार, जो बादलों और जंगलों को भेदकर काम करता है। एस-बैंड रडार, जो हल्की वनस्पति और बर्फ में नमी को मापता है।*

### 30 जुलाई को लॉन्च किया था

निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार) एक ऐसा उपग्रह है, जो धरती की सतह पर होने वाले बदलावों को मापने के लिए बनाया गया है। इसे 30 जुलाई 2025 को भारत के श्रीहरिकोटा से इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया गया था। यह उपग्रह धरती के ज्यादातर इलाकों को हर 12 दिन में दो बार स्कैन करेगा।

---

## अलास्का में ट्रंप-पुतिन की मुलाकात का भारत ने किया स्वागत

# विदेश मंत्रालय बोला- संवाद से ही बनेगी 'शांति' की राह

**जायसवाल ने स्पष्ट किया कि भारत की हमेशा से यही नीति रही है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं, हालांकि, वार्ता से कोई ठोस घोषणा या लिखित समझौता नहीं निकल पाया**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अमेरिका और रूस के बीच अलास्का में हुई शिखर वार्ता का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यह पहल वैश्विक शांति की दिशा में एक अहम कदम है। जायसवाल ने कहा कि भारत इस वार्ता में हुई प्रगति की सराहना करता है और मानता है कि आगे का रास्ता केवल संवाद और कूटनीति से ही निकल सकता है। रणधीर जायसवाल ने आगे कहा कि मौजूदा समय में पूरी दुनिया की नजर यूक्रेन युद्ध पर है और सभी चाहते हैं कि इस संघर्ष का जल्द से जल्द अंत हो। जायसवाल ने स्पष्ट किया कि भारत की हमेशा से यही नीति रही है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने दोहराया कि बातचीत और आपसी समझ ही शांति का सबसे बड़ा माध्यम है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अलास्का में हुई शिखर वार्ता ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद पहली बार दोनों नेताओं की सीधी मुलाकात हुई। हालांकि बैठक को 'उपयोगी' बताते हुए भी ट्रंप ने यह साफ किया कि फिलहाल कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने कुछ प्रगति की है, लेकिन अभी हम पूरी मंजिल तक नहीं पहुंचे हैं।

### उम्मीदें और अधूरे परिणाम

ट्रंप ने बातचीत को 'बहुत सकारात्मक' बताते हुए यह भी कहा कि अगले कदमों पर वे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और नाटो नेताओं से चर्चा करेंगे। वहीं पुतिन ने ट्रंप की 'मित्रतापूर्ण' भाषा और रूस के राष्ट्रीय हितों की समझ की तारीफ की। हालांकि, वार्ता से कोई ठोस घोषणा या लिखित समझौता नहीं निकल पाया।




### एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से मुलाकात एक ही कार में बैठे ट्रंप और पुतिन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अलास्का पहुंचे। इस दौरान ट्रंप ने एयरपोर्ट पर पुतिन का गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया। फिर दोनों वर्ल्ड लीडर एक ही कार में सवार होकर मीटिंग के लिए निकल गए। आपको बता दें कि इस दौरान दोनों की बॉडी लैंग्वेज पॉजिटिव नजर आई। डोनाल्ड ट्रंप और पुतिन के चेहरे पर हल्की मुस्कान थी और दोनों एक-दूसरे से बात करते हुए और रेड कार्पेट पर चलते हुए कार तक पहुंचे।



### शिखर वार्ता की 5 बड़ी बातें

- ट्रंप ने स्पष्ट कहा कि अभी किसी बड़े समझौते पर मुहर नहीं लगी है। उन्होंने स्वीकार किया कि कई मुद्दों पर मतभेद बने हुए हैं और उन्हें दूर करने के लिए आगे और बातचीत करनी होगी। उन्होंने कहा कि हमने प्रगति की है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। जब तक सब कुछ तय नहीं होता, तब तक कोई डील नहीं मानी जाएगी।
- वार्ता के बाद ट्रंप ने कहा कि चीन पर रूसी तेल खरीदने को लेकर टैरिफ फिलहाल टाल दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज की बातचीत के बाद मुझे फिलहाल इस बारे में सोचना नहीं पड़ रहा है। हालांकि, भारत पर उन्होंने कोई टिप्पणी नहीं की। अमेरिका ने पहले ही भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है, जिसमें से 25 प्रतिशत रूसी तेल आयात पर पेनल्टी है।
- रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने ट्रंप की तारीफ करते हुए कहा कि बातचीत 'दोस्ताना माहौल' में हुई। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने रूस के राष्ट्रीय हितों को समझा और सम्मान दिया। हालांकि, ट्रंप ने सार्वजनिक मंच से यूक्रेन में रूस के हमलों में नागरिकों की मौत पर कुछ नहीं कहा, जिस पर कई अंतरराष्ट्रीय हलकों में सवाल खड़े हो रहे हैं।
- वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस केवल 15 मिनट चली, जिसमें दोनों नेताओं ने सामान्य कूटनीतिक बातें दोहराईं। किसी ठोस उपलब्धि या लिखित सहमति की घोषणा नहीं हुई। इससे साफ है कि दोनों पक्षों में अभी भी गहरे मतभेद कायम हैं और समझौते का रास्ता लंबा है।
- ट्रंप ने संकेत दिया कि जल्द ही पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच बैठक हो सकती है, जिसमें वे खुद भी शामिल हो सकते हैं। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि यह बैठक कब और कहां होगी। पुतिन ने जेलेंस्की से मुलाकात पर कोई टिप्पणी नहीं की। उन्होंने उम्मीद जताई कि यूक्रेन और यूरोपीय देश अमेरिका-रूस वार्ता को सकारात्मक रूप से देखेंगे और प्रगति में बाधा नहीं डालेंगे।

---

### लारेंस गुट के त्यागी ने दिल्ली जेल में लगाई फांसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक बड़े गैंगस्टर सलमान त्यागी ने मंडोली जेल में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली है। सलमान का शव सेल में चादर से लटका मिला है। वह पश्चिमी दिल्ली का बड़ा गैंगस्टर था और नीरज बवाना से लॉरेंस बिश्नोई तक के लिए काम कर चुका था। मकोका केस में बंद सलमान त्यागी पर लूट और हत्या जैसे दर्जनों आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। यह घटना दिल्ली की जेल नंबर 15 में हुई जहां उसकी लाश एक फंदे से लटकी मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। सलमान त्यागी ने आत्महत्या की या उसकी मौत के पीछे कोई दूसरी वजह है, पुलिस इसका पता लगाने के लिए जांच शुरू कर चुकी है।

### इस्कॉन मामला- एसएचओ समेत 26 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 25 स्थित इस्कॉन मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे दिल्ली पुलिस आयुक्त ने वहां की अव्यवस्था और सुरक्षा में लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने शनिवार को शाहबाद डेरी के स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) सहित 26 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। यह कार्रवाई मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था में चूक और आयुक्त के काफिले को गलत गेट पर रोकने के कारण की गई। जानकारी के अनुसार, पुलिस आयुक्त का काफिला वीआईपी गेट नंबर एक के बजाय गेट नंबर दो पर रोका गया, जो आम लोगों के लिए निर्धारित है।

---

# भूस्खलन से दो एनएच सहित 376 सड़कें बंद



हिमाचल में लगातार बारिश और बाढ़

एजेंसी ▸▸ शिमला

हिमाचल प्रदेश के कई भागों में लगातार जारी बारिश से दुश्वारियां बढ़ गई हैं। भूस्खलन, बाढ़ से राज्य में शनिवार सुबह 10:00 बजे तक दो नेशनल हाईवे सहित 376 सड़कें बंद रहीं। राज्य में 524 बिजली ट्रांसफार्मर व 145 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। इससे कई इलाकों में विद्युत व पेयजल आपूर्ति ठप है।

मंडी जिले में सबसे अधिक 203 सड़कें, 458 बिजली ट्रांसफार्मर व 44 जल आपूर्ति योजनाएं प्रभावित हैं। शिमला में भी फिलहाल मौसम खराब बना हुआ है। शहर के विकासनगर में टीसीपी कार्यालय के पास भूस्खलन से सुबह यातायात ठप रहा। यहां गाड़ियां भी मलबे की चपेट में आईं।

### चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे बंद

*चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे यातायात के लिए फिर से बंद हो गया है। मंडी से पनारसा तक अनेकों स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं होने से हाईवे बंद हो गया है। नौ मील, जागर नाला, पंडोह डैम के पास कैंची मोड़, दयोड़, जोगणी माता मंदिर, दवाड़ा फ्लाईओवर, झलोगी और शनि मंदिर क्षेत्र में भूस्खलन हुआ है। कुछ स्थानों पर नालों का पानी व मलबा हाईवे पर बह रहा है। हाईवे बंद होने के कारण बड़ी संख्या में वाहन और लोग फंसे रहे। अभी बारिश का दौर लगातार जारी है जिसके चलते मलबा हटाने का कार्य शुरू नहीं किया जा सका है। जैसे ही बारिश थमेगी तो उसके बाद ही मलबा हटाने का कार्य शुरू होगा। मंडी जिले में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश का कहर देखने को मिल रहा है। हालांकि, बारिश रुक-रुक कर हो रही है लेकिन इससे हाईवे पर भूस्खलन की घटनाएं लगातार हो रही हैं।*

### सोलन के समीप फिर धंसा फोरलेन

पुलिस लाइन सोलन के समीप लगातार फोरलेन धंस रहा है। यहां पर बीते दिन हुई बारिश से फिर से दरारें आ गई हैं। यह दरारें काफी बड़ी हो चुकी हैं। इससे पहले भी यहां पर हल्की दरारें आई थीं और एक लेन काफी पहले से बंद कर दी गई है। बावजूद इसके यहां पर अब पूरी तरह से इस सड़क के गिरने का खतरा मंडरा गया है। यहां पर पहले ही फोरलेन निर्माण पर सवाल खड़े हो रहे थे। निर्माण कंपनी ने कच्ची मिट्टी पर फोरलेन तैयार कर दिया था जो बनने के बाद ही धंसना शुरू हो गया था।

---

## अमेरिका में 'स्पेस नीडल' पर पहली बार फहराया तिरंगा



*नई दिल्ली। भारतीय स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ पर अमेरिका के वॉशिंगटन स्थित सिएटल शहर में एक ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला जब पहली बार प्रतिष्ठित 'स्पेस नीडल' पर भारतीय तिरंगा फहराया गया। यह ऐतिहासिक इमारत जिसे 1962 में वर्ल्ड फेयर के लिए बनाया गया था, अब भारतीय गौरव का प्रतीक बन गई।*

---

**बैंकॉक से दिल्ली आई थी फ्लाइट**

## रनवे से टकराया इंडिगो का पिछला हिस्सा, अब डीजीसीए करेगा जांच

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) मुंबई हवाई अड्डे पर हुई उस घटना की जांच करेगा, जिसमें इंडिगो का एयरबस ए321 विमान खराब मौसम के दौरान लैंडिंग करते समय एक लो-एल्टिट्यूड गो-अराउंड के दौरान रनवे से टकरा गया। इस घटना पर नजर रखने वाले अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हम इस घटना की जांच करेंगे। इसके लिए औपचारिक आदेश जारी किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, यह उड़ान 6ई 1060 थी, जो कि बैंकॉक से मुंबई आ रही थी और ए321 नियो विमान द्वारा संचालित थी। शनिवार तड़के



सुबह 3:06 बजे रनवे 27 पर लैंडिंग करते समय विमान की टेल रनवे से टकरा गई। प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि यह घटना खराब मौसम की वजह से हुई।

इस घटना में किसी यात्री या चालक दल के किसी सदस्य को चोट नहीं आई। इंडिगो की ओर से एक प्रवक्ता ने बताया, 16 अगस्त 2025 को इंडिगो के एयरबस ए321 विमान की टेल उस समय रनवे से टकराई, जब वह खराब मौसम की वजह से एक लो-एल्टिट्यूड गो-अराउंड कर रहा था।

---

## ताजा सैटेलाइट तस्वीरों ने उगला राज, भारत की मार ने उबर नहीं पाया पाक

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान के 11 एयरबेस पर दागी थी ब्रह्मोस मिसाइलें**

# रहीम यार खान एयरपोर्ट तीन महीने से बंद मरम्मत के लिए फिर से किया नोटम जारी

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद

भारत ने मई महीने में चार दिनों के संघर्ष के दौरान पाकिस्तान के 11 एयरबेस पर ब्रह्मोस मिसाइलों से हमले किए थे। इन एयरबेस में रावलपिंडी स्थित नूर खान एयरबेस के साथ साथ रहीम यार खान एयरबेस भी था। भारतीय वायुसेना ने ब्रह्मोस मिसाइल के सटीक हमले में इस एयरबेस के रनवे को तबाह कर दिया था। ये हमला कितना ज्यादा भयानक था कि तीन महीने बाद भी पाकिस्तान इस एयरबेस की मरम्मत नहीं कर पाया है। पाकिस्तान ने इस एयरबेस का मरम्मत करने के लिए फिर से नोटम जारी किया है। नई सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि रहीम यार खान एयरबेस पर रनवे डिनायल स्ट्राइक के तीन महीने बाद भी सही नहीं हो पाया है।



### भारत की सीमा से करीब 120 किमी दूर

बता दें, रहीम यार खान एयरबेस, जिसे शेख जायेद इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी कहा जाता है, वो पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के दक्षिणी इलाके में मौजूद स्ट्रैटजिक एयरबेस है। ये सिविल और मिलिट्री एयरबेस दोनों है। एयरबेस, रहीम यार खान जिले से करीब 5-7 किलोमीटर दूर है। रहीम यार खान एयरबेस का लोकेशन भारत की सीमा से 100-120 किलोमीटर और अरब सागर, दोनों के नजदीक है। इसकी वजह से पाकिस्तान एयरफोर्स के लिए ये एयरबेस लॉजिस्टिक सप्लाई चेन बनाए रखने और फॉरवर्ड ऑपरेशंस के लिए काफी महत्वपूर्ण हो जाता है।

**रनवे पर नया रिपेयर पैच बिछाया गया**

*मई 2025 में भारतीय वायुसेना ने इस एयरबेस को टारगेट करते हुए रनवे पर प्रिसिजन म्यूनिशन्स का इस्तेमाल किया था। ताजा सैटेलाइट तस्वीरों से साफ पता चल रहा है कि रनवे पर नया रिपेयर पैच बिछाया गया है, एयरबेस अभी भी ऑपरेशनल नहीं हो पा है। जिससे अभी भी इस एयरबेस पर विमानों का उतरना शुरू नहीं हो पाया है।*

Dr. Juneja's
पेट सफा®
Divisa
Natural Laxative Granules & Tablets
No More ज़ोर
पेट सफा लो हर रोज...
अगर आप भी कब्ज़, गैस, एसिडिटी जैसी समस्याओं से परेशान हैं तो आज ही लीजिए, पेट सफा ग्रेन्यूल्स/टैबलेट्स। यह मुंह में चिपकता नहीं। सोने से पहले खाएं और आराम पाएं।
कब्ज़ • गैस एसिडिटी


24x7 Helpline: 91197 88888 | www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores
UIN-A09-AY-PB-2025

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25